धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

सुप्रभात रांची, गुरुवार 26.01.2023 माघ, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 10 | अंक : 194 नगर संस्करण, पेज : 20



# 74वें गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा के

**शुभ अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता, कार्यकर्ता समेत संपूर्ण लातेहार विधानसभा क्षेत्र की जनता को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं।**





श्री शिबु सोरेन
दिसोम गुरू

J.M.M



श्री हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड



# वैद्यनाथ राम

विधायक लातेहार विधानसभा क्षेत्र

माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में लातेहार विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के प्रति कृत संकल्पित।

## हम हीं सजायें हैं हम हीं सवारेंगे, जो कहा है वह कर के दिखायेंगे।

माओदियों के चंगुल से बुढ़ा पहाड़ को हेमंत सरकार ने कराया मुक्त
बुढ़ा पहाड़ पहूंचने वाले राज्य के पहले मुख्यमंत्री होंगे हेमंत सोरेन,
आईये हम सभी मिलकर 27 जनवरी को करें उनका स्वागत

हमारी सरकार की उपलब्धियां:-

- 1932 का खतियान और ओबीसी को 27%, एसटी को 28% व एससी को 12% आरक्षण का विधेयक किया पारित।
- प्रत्येक परिवार को 100 यूनिट तक मुफ्त बिजली, सर्वजन पेंशन के माध्यम से प्रत्येक वृद्ध व वृद्धा को पेंशन से जोड़ा, रोजगार सृजन, पुरानी पेंशन (ओपीएस)
- सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पशुधन विकास योजना, सूखा राहत योजना, कृषि ऋण माफी, पंचायत सचिव नियुक्ति, जेपीएससी नियुक्ति समेत अनेको योजनाओं के माध्यम से राज्य वासियों को किया लाभान्वित।

निवेदक:-

❖लाल मोती नाथ शाहदेव-जिलाध्यक्ष झामुमों लातेहार, ❖प्रभात कुमार-विधायक प्रतिनिधि लातेहार ❖ अरूण दुबे:-जिला बिस सूत्री उपाध्यक्ष लातेहार ❖दीपू सिन्हा:-झामुमो केन्द्रीय सदस्य ❖बिलासी तोपनो:-जिला बिस सूत्री सदस्य सह केन्द्रीय समिति सदस्य ❖ सतमोहन मुंडा:-जिला उपाध्यक्ष लातेहार ❖ सुरेश गंझू-20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह चंदवा प्रखंड अध्यक्ष झामुमों ❖ राजेन्द्र गंझू-बरियातू प्रखंड अध्यक्ष झामुमों ❖ रामवृक्ष गंझू-हेरहंज प्रखंड अध्यक्ष झामुमों ❖ ईश्वर उरांव-प्रखंड अध्यक्ष बालूमाथ झामुमों ❖ सिकेश्वर राम:-प्रखंड अध्यक्ष मनिका ❖ सुमन कुजूर:-प्रखंड अध्यक्ष महुआडांड़ ❖ अफजल अंसारी:-प्रखंड अध्यक्ष बरवाडीह ❖ मंटू मियां:-प्रखंड अध्यक्ष गारू ❖ सुदामा प्रसाद गुप्ता-वरीय झामुमों नेता ❖ अंकित पांडेय-युवा नेता ❖ विशाल कुमार- विधायक मीडिया प्रभारी लातेहार ❖ राजकुमार साहू- वरीय नेता ❖ अशोक प्रसाद-वरीय झामुमो नेता ❖ दयानन्द पांडेय-वरीय झामुमो ❖ शुभम गिरी:-झामुमो मीडिया प्रभारी लातेहार ❖ मनोज चौधरी:-बिस सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष चंदवा ❖ नागदेव उरांव: बिस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष बालूमाथ ❖ राजू साहू:-झामुमो नेता

दुर्गा प्रसाद, नागेंद्र प्रसाद, आशीष गुप्ता उर्फ मुन्नी, वासुदेव यादव, अजय अग्रवाल, विशाल भास्कर, उज्जवल पांडेय, विवेक गुप्ता, चंदन कुमार, रंजीत कुमार, अरविंद पाठक, शुभम गुप्ता, ऋषुराज गुप्ता, मनिष पाठक, सुनिल शौंडिक, मदन सिंह, बबलू राही, जतरू मुंडा, अब्बास अली, वारिश अंसारी, अशोक प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, इंद्रदेव भगत।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

वसंत पंचमी की शुभकामनाएं

सुप्रभात रांची, गुरुवार 26.01.2023 माघ, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 194 epaper.khabarmantra.net

### सूचना और शुभकामनाएं

गणतंत्र दिवस पर सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, हॉकर-एजेंट बंधुओं और तमाम शुभेच्छुओं को खबर मन्त्र परिवार की ओर से ढेरों शुभकामनाएं।

गणतंत्र दिवस के मौके पर खबर मन्त्र कार्यालय और प्रेस 26 जनवरी (गुरुवार) को बंद रहेगा। अतः अखबार का अगला अंक पाठकों को 28 जनवरी (शनिवार) को मिलेगा। -सं.

## रांची पहुंची भारत-कीवी टीम, 27 को भिड़ंत

**रांची। टी-20 सीरीज का पहला मैच खेलने के लिए भारत और न्यूजीलैंड की टीम रांची पहुंच गयी है। दोनों के बीच सीरीज का पहला मुकाबला यहां 27 जनवरी को जेएससीए मैदान में खेला जायेगा। मैच को ले कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। टीम इंडिया के कुछ खिलाड़ी बवधवार को धोनी के खास मेहमान बने। कप्तान हार्दिक पांड्या, शुभमन गिल, शार्दुल ठाकुर समेत कुछ अन्य खिलाड़ी रात धोनी के घर डिनर में भाग लिया।**



# झारखंड के डॉ सोय को पद्मश्री

## मुलायम को मरणोपरांत पद्मविभूषण

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** हर साल की तरह इस बार भी गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पद्म पुरस्कारों की घोषणा की गई है। पद्म पुरस्कार - पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री - देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। भारत के पूर्व रक्षा मंत्री पर यूपी के पूर्व सीएम दिवंगत मुलायम सिंह यादव को मरणोपरांत पद्मविभूषण से सम्मानित किया गया है। उनके अलावा ओआरएस के अग्रणी दिलीप महालनाबिस को मरणोपरांत पद्मविभूषण से सम्मानित किया गया है। पद्म विभूषण भारत रत्न के बाद देश का दूसरा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। झारखंड के डॉ. जनम सिंह सोय को साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित किया गया। ये पुरस्कार भारत के राष्ट्रपति द्वारा औपचारिक समारोहों में प्रदान किए जाते हैं जो आमतौर पर हर साल मार्च/अप्रैल के आसपास राष्ट्रपति भवन में आयोजित किए जाते हैं। वर्ष 2023 के लिए, राष्ट्रपति ने 106 पद्म पुरस्कार प्रदान करने की मंजूरी दी है। सूची में 6 पद्म विभूषण, 9 पद्म भूषण और 91 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार पाने वालों में 19 महिलाएं हैं।

## राज्य के नौ पुलिसकर्मियों को गैलंट्री अवार्ड

**रांची।** गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड पुलिस के 22 अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित करेंगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जिस पुलिस पदक का एलान किया है, उनमें झारखंड पुलिस के 9 पुलिसकर्मियों को वीरता पदक (पीएमजी), एक पुलिस अधिकारी को राष्ट्रपति का पुलिस उत्कृष्ट सेवा पदक दिया गया है। वहीं, 11 पुलिसकर्मियों को पुलिस सराहनीय सेवा पदक से नवाजा गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश के कुल 901 पुलिस कर्मियों को पुलिस पदक से सम्मानित करने की घोषणा की है। इनमें 140 को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी), 93 को राष्ट्रपति पुलिस पदक (पीपीएम) और 668 को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक (पीएम) से सम्मानित किया गया है।

**झारखंड में इन्हें मिला गैलंट्री अवार्ड :** एएसपी विपुल पांडे, डीएसपी रविंद्र कुमार, एएसआइ अर्जुन कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर बृज कुमार, सब इंस्पेक्टर जॉन मुर्मू, सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार, सिंह, कांस्टेबल नवनीत नवल, सब इंस्पेक्टर अर्जुन कुमार सिंह, हवलदार अरविंद मिंज।

**राष्ट्रपति पदक :** नवीन कुमार लकड़ा, डीएसपी। **पुलिस सराहनीय सेवा पदक :** शंकर कामती, इंस्पेक्टर झारखंड जगुआर, राजीव कमल, इंस्पेक्टर टेक्निकल, पुलिस वायरलेस टीम रांची, तुफैल खान, सब इंस्पेक्टर, चाईबासा, गुरुदेव कुमार ठाकुर, सब इंस्पेक्टर आर्म्ड फोर्स होटवार, सिंहराज तमांग, सब इंस्पेक्टर, आर्म्ड फोर्स, मोहम्मद अरशद खान, आर्मर सब इंस्पेक्टर कोटवार, बसंत कुमार पासवान, हवलदार, डीआइजी ऑफिस चाईबासा, रंजीत कुमार, हवलदार रांची पुलिस, बच्चन सिंह, हवलदार, झारखंड आर्म्ड फोर्स, अमित कुमार, हवलदार रांची पुलिस, प्रभाकर केरकेट्टा, हवलदार रांची पुलिस, संजय कुमार गोराई, हवलदार रांची पुलिस।

### न्यूज डायरी

## सीएम ने दुमका को दी अरबों की सौगात

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार को दुमका को कन्वेसन सेंटर समेत कई की सौगात दी। सीएम ने करीब दस अरब 95 करोड़ की लागत से 110 योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया। साथ ही करीब 88, 777 लाभुकों के बीच एक अरब 59 करोड़ की परिसंपत्तियों का वितरण किया। 103 अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र भी सौंपा।

## रांची पुलिस ने 10 लाख के इनामी गोप को दबोचा

**रांची।** एक सप्ताह के भीतर रांची पुलिस को उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के खिलाफ दूसरी बड़ी सफलता हाथ लगी है. दो दिन पहले एनकाउंटर में कुख्यात विशाल को मार गिराने के बाद रांची एसएसपी को मिली गुप्त सूचना पर स्पेशल टीम ने दस लाख के इनामी तिलकेश्वर गोप को गिरफ्तार कर लिया है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को किया संबोधित

# विकास पथ पर बढ़ रहा भारत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** 74वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, हम सब एक ही हैं, और हम सभी भारतीय हैं। इतने सारे पंथों और इतनी सारी भाषाओं ने हमें विभाजित नहीं किया है, बल्कि हमें जोड़ा है। इसलिए हम एक लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में सफल हुए हैं। यही भारत का सार-तत्व है। हम सितारों पर पहुंचकर भी अपने पांव जमीं पर रखते हैं। उन्होंने कहा, भारत एक



गरीब और निरक्षर राष्ट्र की स्थिति से आगे बढ़ते हुए विश्व-मंच पर एक आत्मविश्वास से भरे राष्ट्र का स्थान ले चुका है। संविधान-निमार्ताओं की सामूहिक बुद्धिमत्ता से मिले मार्गदर्शन के बिना यह प्रगति संभव नहीं थी। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक रहा है। यह सरकार के समय पर और सक्रिय हस्तक्षेप से संभव हुआ है। विकास पथ पर भारत लगातार आगे बढ़ रहा है। 'आत्मनिर्भर भारत' पहल को बड़े पैमाने पर लोगों के बीच शानदार प्रतिक्रिया मिली है। सेक्टर-विशिष्ट प्रोत्साहन योजनाएं भी रही हैं। उन्होंने कहा, 74वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर, देश और विदेश में रहने वाले आप सभी भारत के लोगों को, मैं हार्दिक बधाई देती हूं। जब हम गणतंत्र दिवस मनाते हैं, हम एक राष्ट्र के रूप में एक साथ, जो हमने हासिल किया है, उसका जश्न मनाते हैं। उन्होंने कहा, भारत की सभ्यता सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है और हर नागरिक को देश की गौरव गाथा पर गर्व है। भाषाओं और मजहब ने हमें एक किया। हम सब एक हैं, हम सब भारतीय हैं। आशा और विश्वास के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। भारत एक मजबूत लोकतंत्र है।

# चाईबासा में फिर धमाका, घायल सीआरपीएफ अधिकारी एयरलिफ्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च ऑपरेशन में मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत पंडावीर पंचायत के अंजदबेड़ा में आइइडी धमाका हो गया। इस विस्फोट में 197 बटालियन के एक सब इंस्पेक्टर घायल हो गये। उन्हें बेहतर इलाज के लिए हेलिकॉप्टर से रांची भेजा गया है। पिछले कुछ दिनों में चाईबासा में लगातार विस्फोट हो रहे हैं।

15 दिनों में यह पांचवी बार विस्फोट हुआ। कोल्हान क्षेत्र में भाकपा माओवादी नक्सलियों के बड़ी संख्या में उपस्थित होकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की सूचना पर अहले सुबह से चाईबासा पुलिस, कोबरा, जगुआर और सीआरपीएफ की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल वहां पहुंचा।

इसी क्रम में आज सुबह लगभग 8 बजे मुफसिल थानान्तर्गत ग्राम जोजोहातु से अंजदबेड़ा के बीच सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा एक क्एऊका विस्फोट किया गया। सीआरपीएफ के एसआइ इंसार अली जख्मी हुए हैं। सर्च अभियान के दौरान उसी क्षेत्र में कई हथियार भी बरामद किया गया है। सीआरपीएफ के घायल अधिकारी को रांची लाया गया। फिलहाल जानकारी के अनुसार उनकी स्थिति स्थिर है।



गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
प्रदीप कुमार साहू
समाजसेवी, बुढ़मू

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
संजय राम
समाजसेवी, ठाकुरगांव

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
रूबी झरना बाखला
शाखा प्रबंधक केनरा बैंक बुढ़मू

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
आपूर्ति शाखा बुढ़मू

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
डॉक्टर पूनम कुमारी
प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बुढ़मू

Birsa Children Academy
An Anglo - Vedic School Bundu
website-www.birsachildrenacademy.com (Call -9031178311)
गणतंत्र दिवस एवं वसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएँ
Admission Open
Seats are Limited
आपकी सफलता ही हमारा लक्ष्य है

गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं
रामदुर्लभ सिंह मुण्डा
आजसू जिला उपाध्यक्ष

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
झिबरा मुंडा
समाजसेवी, बुढ़मू


समस्त नगड़ी प्रखंड वासियों तथा देशवासियों को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ढेर सारी बधाई एवं शुभकामना
फारुक खान
जिला सचिव, कांग्रेस पार्टी।
बक्सीडीह, सिकिदिरी


समस्त नगड़ी प्रखंड वासियों तथा देशवासियों को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ढेर सारी बधाई एवं शुभकामना
शांति मुंडा
मुखिया, गेतलसूद पंचायत,
अनगड़ा।

समस्त नगड़ी प्रखंड वासियों तथा देशवासियों को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ढेर सारी बधाई एवं शुभकामना
मानेश्वर मुंडा
पंचायत समिति सदस्य।
बीसा पंचायत, अनगड़ा।

समस्त नगड़ी प्रखंड वासियों तथा देशवासियों को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ढेर सारी बधाई एवं शुभकामना
अविनाश कुमार
गिरजाशंकर प्रसाद
हेसातु डीलर एसोशिएसन, सिकिदिरी।








गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
शंकर कुमार विद्यार्थी
अंचलाधिकारी बुढ़मू

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
इदु खान
सदर चकमें, बुढ़मू

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
अरविंद कुमार कश्यप
समाजसेवी



# राष्ट्रीय युवा शक्ति ने निकाली तिरंगा यात्रा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय युवा शक्ति की तरफ से ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। करीब 500 मीटर लंबे तिरंगे को हाथों में थामकर संगठन से जुड़े नौजवानों ने मोरहाबादी मैदान का एक चक्कर लगाया और आजादी की लड़ाई में शहादत देने वालों को नमन किया। राष्ट्रीय युवा शक्ति के केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव ने कहा कि उनके संगठन का मसकद है युवाओं में देशभक्ति की भावना जगाना। आज के ज्यादातर नौजवान नशाखोरी की तरफ बढ़ रहे हैं। इसकी वजह से हमारा राष्ट्र कमजोर होगा। उन्होंने कहा कि भगत सिंह सिर्फ 23 साल की उम्र में शहीद हो गये थे। उस वक्त शहीद खुदीराम बोस की आयु सिर्फ 18 साल थी। भगवान बिरसा मुंडा भी सिर्फ 24 साल की उम्र में वीरगति को प्राप्त हुए थे। उन देशभक्तों की शहादत को कभी नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब संगठन की तरफ से रांची के सभी शहीद स्थलों पर साफ सफाई करेंगे।


गुरुवार को परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक पर तिरंगा फहराया जायेगा।। इस दौरान अल्बर्ट एक्का चौक के आसपास के इलाके को आकर्षक तरीके से सजाया जायेगा। मालूम हो कि राष्ट्रीय युवा शक्ति की तरफ से 15 अगस्त और 26 जनवरी के मौके पर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाती है। इस मौके पर बड़ी संख्या में नौजवान भी जुड़ते हैं। इस दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए जाते हैं। दूसरी तरफ रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में राजकीय स्तर पर झंडोत्तोलन की तैयारी अंतिम चरण में है। इस मौके पर परेड के बाद अलग-अलग विभागों की तरफ से झांकियां भी निकाली जायेंगी।


# सरस्वती पूजा पर विशालतम श्रृंखला के साथ पुस्तक भंडार का शुभारंभ आज

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल एवं प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि व्यवसायी विनोद कुमार पोद्दार के अथक प्रयास से रांची शहर में बुक जोन नाम के बहुत बड़े पुस्तकों का विशालतम भंडार का शुभारंभ 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर बसंत पंचमी के दिन सरस्वती पूजन के साथ चांदनी चौक कांके रोड़ (गोकुल के बगल में) पर होने जा रहा है। इस पुस्तक भंडार में साहित्य, कला, विज्ञान, समसामयिक विषयों, संदर्भ ग्रन्थों, धार्मिक व अन्य विविध विषयों पर पुस्तकों की विशालतम श्रृंखला के साथ यहां सभी प्रकार की पुस्तकें व लेखन सामग्री सहज उपलब्ध रहेंगी। धार्मिक ग्रंथों की सभी प्रकारों की किताबें उपलब्ध रहने से लोगों में उत्सुकता है।

## मेयर व डिप्टी मेयर ने कर्बला चौक पर एमटीएस का किया उद्घाटन

**रांची।** रांची शहर को साफ, सुंदर एवं स्वच्छ बनाने के उद्देशय से रांची नगर निगम द्वारा कर्बला चौक एमटीएस तथा नागाबाबा सब्जी मार्केट में कंपोस्टिंग मशीन अधिष्ठापित की गयी है, जिसका उद्घाटन बुधवार को महापौर डॉ आशा लकड़ा तथा उप महापौर संजीव विजयवर्गीय द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। इन कंपोस्ट मशीनो द्वारा फ ल और सब्जी मंडियों से निकलने वाले अवशेषों से खाद बनाया जाएगा। महापौर डॉ आशा लकड़ा ने इस मौके पर कहा कि जिस प्रकार रांची शहर में कचड़ा निकलता है, यह निगम का प्रयास है कि कचड़े को रिसाइकिल करते हुए खाद बनाकर अधिकाधिक उपयोग किया जाए। इसी कड़ी मे सांसद मुख्तार अब्बार नकवी द्वारा दिए गए निधि से रांची नगर निगम द्वारा इन कंपोस्ट मशीन का क्रय कर अघिष्ठापन किया गया है। रांची नगर निगम द्वारा यह एक नई पहल की गयी है जिससे फल एवं सब्जी मंडियों से निकलने वाले अवशेषों से खाद बनाया जाएगा। इसके अलावा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से इन मशीनों का संचालन एसएचजी की महिलाओं द्वारा किया जोगा। इसके लिए इन ग्रुप की महिलाओं को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। कंपोस्ट मशीन से निकलने वाले खाद को एसएचजी की महिलाओं द्वारा विक्रय भी किया जाएगा। उप महापौर संजीव विजयवर्गीय ने कहा कि रांची नगर निगम शहर को स्वच्छ एवं सुंदर रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में अज दो क्षेत्रों, कर्बला चौक एमटीएम तथा नागा बाबा खटाल सब्जी मार्केट में कंपोस्ट मशीन अधिष्ठापन किया गया है।










# स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर समस्त मांडर चान्हो वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें



74वें गणतंत्र की शुभकामनाओं के साथ आपका अपना आशुतोष तिवारी, जिलापरिसद सदस्य चान्हो सह सभापती संचार व सकर्म स्थायी समिति जिलापरिसद राँची।

**इर्शाद खान**
विधायक प्रतिनिधि, स्वास्थ्य एवं महिला विकास विभाग, चान्हो।

**शिव उरांव**
महासचिव झारखंड किसान मजदूर संघ, अध्यक्ष प्रखंड कांग्रेस कमेटी, चान्हो।

**विजय हेमराज खलखो**
अंचालाधिकारी, मांडर।

**सुलेमान मुंडरी**
बीडीओ, मांडर।

**शंकर आचार्य**
सांसद प्रतिनिधि, मांडर।

**अनिल गोप**
जिला अध्यक्ष भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन झारखंड

**राजेश कुमार दत्त**
निदेशक डीएवी पब्लिक स्कूल, मांडर।
सीबीएससी 11वां नामांकन जारी

**अनूप कुमार, दीपक कुमार**
निदेशक : ब्राईट होप्स स्कूल मांडर
ब्राइट हॉप्स स्कूल, हेसमी, मांडर के सभी छात्रों, अभिभावकों, शुभचिंतकों तथा समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!

गणतंत्र दिवस के अवसर पर मांडर चान्हो वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**मोहम्मद खालिद**
सप्लायर सह समाजसेवी, मांडर।

**आदिल अजीम**
जिला परिषद सदस्य पश्चिमी चान्हो

**गंगोत्री कुजूर**
पूर्व विधायक मांडर विधानसभा

**एतवारी कुजूर**
जिप सदस्य पूर्वी मांडर।

**अशोक कुमार बाघवार**
**अरुण कुमार बाघवार**
निदेशक बाघवार एकेडमी चान्हो

**परमेश्वर भगत**
जिला परिषद सदस्य पश्चिम मांडर

**नितीन परासर**
**दिपाली परासर**
निदेशक एवं शैक्षणिक सचिव
भारथी बीएड कॉलेज, मांडर

**रंजय कुमार**
थाना प्रभारी चान्हो

**मैहफिल अंसारी**
प्रर्चाय अपग्रेड+2 हाईस्कूल लेपसर चान्हो

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई

**शिल्पी नेहा तिर्की**
विधायक मांडर विधानसभा क्षेत्र

**बंधु तिर्की**
पूर्व मंत्री सह कार्यकारी अध्यक्ष झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी

**तुफैल अहमद**
अभियंता सह जेएमएम कार्यकर्ता, मांडर।

**मुमताज अंसारी**
प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय, तिग्गोई अंबाटोली, मांडर।

**प्रेम कुमार**
समाजसेवी, मांडर।

**अमानत अंसारी**
उप प्रमुख मांडर




**विनोदित तिग्गा**
जिला परिषद मध्य मांडर।

**रबूल अंसारी**

गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर समस्त प्रखंड वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाय

**मुखिया संघ मांडर**

**सुशील मिंज**
प्रचार्य शहीद वीर बूधु भगत इंटर कॉलेज चान्हो।

गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर समस्त प्रखंड वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाय

**मुखिया संघ चान्हो**




गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं

**शशिभूषण महतो**
समाजसेवी

गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं

Regd. No. 89/02 Under the aegis of Vivekananda Society
Prepration for Navodaya & Netarhat
SWAMI VIVEKANANDA PUBLIC SCHOOL
स्वामी विवेकानन्द पब्लिक स्कूल
Add : Patra Toli, Adarsh Nagar, Bundu
ADMISSION OPEN 2023-24
From Nursery to Class IX
FACILITIES
- Hostel Boy's & Girl's
- Computer Lab
- Spoken English
- High Qualified & Experienced Teachers
- CCTV
- Free Tuition For Hostel Student
- Yoga & Many More

7004675262

गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं

**होटल पंचवटी**
एन.एच.-33, बुण्डू

गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं




डायनामिक कोचिंग सेंटर
बुंडू
English speaking
English Hons
computer
जन शिक्षण संस्थान
कौशल विकास
cont.6204003024
जगतपाल
डायरेक्टर

# युवाओं की उम्मीद

देश का बजट एक फरवरी को प्रस्तुत किया जाएगा। मोदी सरकार का चुनाव पूर्व का यह अंतिम बजट है। सरकार अगली बार अनुपूरक बजट ही लाएगी। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है हमारी युवाओं की आबादी दुनिया में सबसे अधिक है। ऐसे में युवाओं को सिर्फ जॉब की उम्मीद हो ऐसा नहीं है। दिल्ली स्कूल ऑफ ईकोनामी के छात्रों ने अपनी प्रकिया देते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, आइटी, आधारभूत संरचना, लॉजिस्टक सहित सरकार के आयात-निर्यात के संतुलन पर भी सुधार की बात की। शिक्षा के क्षेत्र में आज भी देश के 18 लाख छात्र अध्ययन के लिये विदेश जाते है जिनमें मेडिकल, प्रबंधन,इंजीनियरिंग के छात्र सबसे अधिक होते हैं। सवाल यह है कि आजादी के 75 साल बाद अगर हम शिक्षा को लेकर ने तो विश्वस्तरीय संस्थान खड़ा कर पाये हैं और न ही हमारे श्रेष्ठ संस्थान पर्याप्त संख्या में निर्मित हो पाये हैं। देश में आज भी लगभग एक लाख मेडिकल सीटें हो पाई है जो विगत आठ साल में ही दोगुनी हुई है। भले ही देश दुनिया की सबसे तेज विकसित होते अर्थव्यवस्था है लेकिन मूल समस्या शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर को लेकर है जिसके परिणाम स्वरुप आज भी सरकार 81 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज देने की योजना पर चला रही है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में कल्याणकारी योजनाओं की बाध्यता सहज समझी जा सकती है लेकिन इससे आधारभूत संरचना का विकास, रक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा के मामले को पूरे तौर पर निजी क्षेत्रों के सहारे नहीं छोड़ा जा सकता है। गणतंत्र में हमारे युवा स्टार्टअप के माध्यम से कीर्तिमान रच रहें हैं लेकिन इनकी प्रतिभा को फलने-फूलने का अवसर मिलता रहे। इस वर्ष भारत दुनिया का सबसे बड़ी आबादी वाला देश होगा उस आबादी के सार्मथ्य का उपयोग हो।

# बजट में सुधार पर जोर

अब अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे पटरी पर लौट रही है। स्वाभाविक है कि लॉकडाउन और महामारी दीर्घकालिक नुकसान छोड़ जाएंगे। प्रश्न यह है कि सरकार इसे कैसे ठीक करेगी। तथ्य यह भी है कि इस नुकसान की प्रकृति को समझने में वक्त लगेगा। कई क्षेत्र और हित समूह जोर देंगे कि उन्हें राहत या प्रोत्साहन में प्राथमिकता दी जाए। ऐसी मांगों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। यह सही है कि वित्त मंत्री ने कहा कि वह राजकोषीय घाटे को खुद को चिंतित नहीं करने देगी। उनका अर्थ शायद यह नहीं हो कि वह व्यय बढ़ाना चाहती हैं। व्यय बढ़ाना गलत होगा। व्यय बढ़ाकर जिस तरह मंदी से बाहर निकला जा सकता है वही तरीका महामारी में काम आए यह जरूरी नहीं। मंदी के दौर में भी भारत को इसकी कीमत दीर्घावधि में चुकानी पड़ी। सन 2008-09 के वित्तीय संकट से निपटने में जो चूक की गईं उनकी कीमत हमें अब तक चुकानी पड़ रही है। बैंकों की बैलेंस शीट इसका उदाहरण है। व्यय बढ़ाने की चौतरफा उठती मांग के बीच उन्हें यह बात याद रखनी चाहिए। पिछली बार तत्कालीन वित्त मंत्री ने ऐसी मांग सुनने की गलती की थी। इस बार ऐसा नहीं होना चाहिए। सरकार को निवेशकों, नागरिकों और करदाताओं के साथ चर्चा का विश्वसनीय रास्ता अपनाना चाहिए। सबसे पहले तो पूरी तरह पारदर्शी निजीकरण की ओर लौटना चाहिए। थोड़े बहुत विनिवेश का वक्त गया। निजीकरण से उत्पादकता में भी सुधार होता है। यह फंड के साथ-साथ वृद्धि हासिल करने का भी अच्छा जरिया है। बजट में भले लोक लुभावन नारों से बचा जाए लेकिन शिक्षा,स्वास्थ्य और सुरक्षा पर खर्च कम न किया जाए। निजीकरण के दौर में भी सरकारें अपनी कल्याणकारी वादों और दावों पर बनी रहे तो देश का तेज विकास होगा।


# गणतंत्र की रक्षा को समर्पित हमारा विधान संविधान


मूल संविधान में 7 मौलिक अधिकार थे पर अब 6 क्यों हैं ?

1939 में कांग्रेस अधिवेशन में प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें कहा गया कि स्वतंत्र देश के संविधान के निर्माण के लिए संविधान सभा ही एकमात्र उपाय है और अंततः 1940 में ब्रिटिश सरकार ने इस मांग को मान लिया कि भारत का संविधान भारत के लोगों द्वारा ही बनाया जाए।

भारत का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर तैयार हुआ था और उसी दिन उसे स्वीकृत कर लिया गया था। विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान ह्यभारतीय संविधानह्व वैसे तो 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था लेकिन इसे 26 नवम्बर 1949 को ही स्वीकृत कर लिया गया था। 29 अगस्त 1947 को संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति की स्थापना की गई थी, जिसके अध्यक्ष थे डॉ. भीमराव अम्बेडकर, जिन्हें भारतीय संविधान का जनक भी कहा जाता है। उनके अथक प्रयासों के कारण ही भारत का संविधान ऐसे रूप में सामने आया, जिसे न केवल भारत में सबने सराहा बल्कि विश्व में कई अन्य देशों ने भी इसे अपनाया। चार साल पहले सन 2015 में डॉ. अम्बेडकर के 125वें जयंती वर्ष में पहली बार देश में 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया था और इस साल हम 70वां संविधान दिवस मना रहे हैं। भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जो 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था।

भारतीय संविधान से जुड़े रोचक तथ्यों पर नजर डालें तो सर्वप्रथम सन 1895 में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने मांग की थी कि अंग्रेजों के अधीनस्थ भारतवर्ष का संविधान स्वयं भारतीयों द्वारा ही बनाया जाना चाहिए लेकिन तिलक के सहयोगियों द्वारा भारत के लिए स्वराज्य विधेयक के प्रारूप को, जिसमें पहली बार भारत के लिए स्वतंत्र संविधान सभा के गठन की मांग की गई थी, ब्रिटिश सरकार द्वारा ठुकरा दिया गया था। 1922 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने मांग की कि भारत का राजनैतिक भाग्य भारतीय स्वयं बनाएंगे। 1924 में पं. मोतीलाल नेहरू ने संविधान सभा के गठन की फिर मांग की लेकिन अंग्रेजों द्वारा उनकी मांग को भी ठुकरा दिया गया। तब से संविधान सभा के गठन की मांग लगातार उठती रही लेकिन अंग्रेजों द्वारा इसे हर बार ठुकराया जाता रहा। 1939 में कांग्रेस अधिवेशन में एक प्रस्ताव पारित



- योगेश गोयल

29 अगस्त संविधान निर्मात्री समिति का गठन किया गया, जिसका अध्यक्ष सर्वसम्मति से डॉ. अम्बेडकर को बनाया गया। संविधान के निर्माण में कुल 2 वर्ष 11 माह 18 दिन का समय लगा और संविधान प्रारूप समिति की बैठकें 114 दिनों तक चलीं। संविधान के निर्माण कार्य पर कुल 63 लाख 96 हजार 729 रुपये का खर्च आया और इसके निर्माण कार्य में कुल 7635 सूचनाओं पर चर्चा की गई।

किया गया, जिसमें कहा गया कि स्वतंत्र देश के संविधान के निर्माण के लिए संविधान सभा ही एकमात्र उपाय है और अंततः 1940 में ब्रिटिश सरकार ने इस मांग को मान लिया कि भारत का संविधान भारत के लोगों द्वारा ही बनाया जाए।

1942 में क्रिप्स कमीशन ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें कहा गया कि भारत में निर्वाचित संविधान सभा का गठन किया जाएगा, जो भारत का संविधान तैयार करेगी। पहली बार संविधान सभा सच्चिदानंद सिन्हा की अध्यक्षता में 9 दिसम्बर 1946 को समवेत हुई किन्तु लेकिन अलग पाकिस्तान बनाने की मांग को लेकर मुस्लिम लीग द्वारा उस बैठक का बहिष्कार किया गया। उसके दो ही दिन बाद संविधान सभा की बैठक में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को संविधान सभा का अध्यक्ष चुना गया और वे संविधान बनाने का कार्य पूरा होने तक इस पद पर आसीन रहे। 15 अगस्त 1947 को भारत अंग्रेजों की दासता से मुक्त हुआ और संविधान सभा द्वारा उसके 14 दिन बाद 29 अगस्त संविधान निर्मात्री समिति का गठन किया गया, जिसका अध्यक्ष सर्वसम्मति से डॉ. अम्बेडकर को बनाया गया। संविधान के निर्माण में कुल 2 वर्ष 11 माह 18 दिन का समय लगा और संविधान प्रारूप समिति की बैठकें 114 दिनों तक चलीं। संविधान के निर्माण कार्य पर कुल 63 लाख 96 हजार 729 रुपये का खर्च आया और इसके निर्माण कार्य में कुल 7635 सूचनाओं पर चर्चा की गई।

मूल संविधान में कुल सात मौलिक अधिकार थे किन्तु 44वें संविधान संशोधन के द्वारा सम्पत्ति के अधिकार को मौलिक अधिकारों की सूची से हटाकर संविधान के अनुच्छेद 300 (ए) के अंतर्गत कानूनी अधिकार के रूप में रखा गया, जिसके बाद भारतीय नागरिकों को छह मूल अधिकार प्राप्त हैं, जिनमें समता या समानता का अधिकार (अनुच्छेद 14 से अनुच्छेद 18), स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19 से 22), शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23 से 24), धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25 से 28), संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार (अनुच्छेद 29 से 30) तथा संवैधानिक अधिकार (अनुच्छेद 32) शामिल हैं। संविधान के भाग-3 में अनुच्छेद 12 से अनुच्छेद 35 के अंतर्गत मूल अधिकारों का वर्णन है और संविधान में यह व्यवस्था भी की गई है कि इनमें संशोधन भी हो सकता है तथा राष्ट्रीय आपात के दौरान जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को छोड़कर अन्य मौलिक अधिकारों को स्थगित किया जा सकता है।

भारत के संविधान के उद्देश्यों को प्रकट करने हेतु संविधान में पहले एक प्रस्तावना प्रस्तुत की गई है, जिससे भारतीय संविधान का सार, उसकी अपेक्षाएं, उसका उद्देश्य, उसका लक्ष्य तथा दर्शन प्रकट होता है। प्रस्तावना के अनुसार, ह्यह्यहम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 ई. को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

संविधान की यह प्रस्तावना पूरे संविधान के मुख्य उद्देश्य को प्रदर्शित करती है। भारत का सर्वोच्च न्यायालय प्रस्तावना के उद्देश्य के विपरीत पाए जाने पर संविधान में किसी भी संशोधन को निरस्त कर सकता है, इसलिए संविधान की प्रस्तावना पूरे संविधान का प्रमुख आधार है।

खास बात

## पूजा के बदलते मायने

**सौमेन मुखर्जी**

**सरस्वती** पूजा माघ महीने के शुक्ल पक्ष में वसंत पंचमी को प्रमुखतः हर घर, स्कूल कॉलेज तथा अन्य शैक्षिक संस्थाओं में श्रद्धापूर्वक एवं धूमधाम से की जाती है। साथ ही लोग मां शारदे की पूजा अर्चना के बहाने कुछ अलग ही उद्देश्य से पूजा में भक्ति भावना कम और हुजूम तथा मौज मस्ती को ही प्राथमिकता देने लगे है और इसी परिप्रेक्ष्य में भक्ति व श्रद्धा भावना क्रमशः कम होती जा रही है। साथ ही उक्त देवी ड्ढ देवताओ समेत हमारे समाज व संस्कृति को ठेस पहुँच रही है जो अनुचित है और पूजा नाममात्र व दिखावा बनकर रह गया है जो उक्त हमारे देवी देवताओ के लिए असम्मान व अशोभनीय भी है।

साधारणतः सरस्वती पूजा का आयोजन हर पढ़े लिखे तथा संस्कृतिवान लोग व विद्यार्थियों को आपस में चंदा इकठा कर या विद्यालय कोष के सहयोग से सादगी व भक्तिपूर्वक करनी चाहिए। परंतु दुर्भाग्य आज वैसा नहीं होतो इसके मद्देनजर वे पूजा को एक मस्ती का बहाना बनाकर पूजा में कम तथा मौज मस्ती में ज्यादा ध्यान देते है और यही नहीं इसके अलावे कई लोगों से दुर्व्यवहार आदि कर उस आराध्य देवी के सम्मान को ठेस पहुंचाते है उनके द्वारा की पूजा के नाम पर जाने वाली गलत व अन्याय कार्य इस प्रकार :-प्रथमतः विद्यार्थी व लोगों द्वारा सरस्वती देवी की पूजा हेतु चंदे के लिए हुजूम व जबरदस्ती सहयोग राशि मांगना और फिर उनके मुताबिक चंदा नहीं दिये जाने पर धमकी गालियाँ देकर बदसलूकी कर इनके साथ मारपीट व विशेष प्रतिष्ठान (दुकान) को पहुँचाना ही उन लोगों की फितरत बन गयी है।

पूजा में आने वाली से ज्यादा चंदा वसूल कर आजकल पंडाल में प्रतिमा स्थापित करने के पूर्व ही लाऊड स्पीकर द्वारा भद्दी व अश्लील हिंदी फिल्मे गाने बजाना शुरू कर देते है जो विसर्जन के दिन तक बदस्तूर जारी रहता है यहाँ भी उक्त आराध्य देवी के प्रतिष्ठा व असम्मान की बात है और कुछ लोग तो दूसरों का परवाह किए बगैर लाउडस्पीकर इतने ज्यादा जोर बजाते है। विर्सर्जन के दिन दुकान उन्हें चंदा न दिये हो वहां तोड़ फोड़ करते हैं।

# सन 100 की बात

विचार-प्रवाह

**सुभाष काक**

**इसी** तरह सबसे ऊपर की तीन स्थितियां हैं, असुर, मानव और देव। वहां ऐसे उत्सव होते, जिसमें यक्षों का आह्वान किया जाता। अवंतिपुर और मार्तंड के खंडहर हमें इस बारे में बताते हैं, फिर भी हमने इसे ठीक से नहीं समझा।

वैदिक देवता कश्मीर के रास्ते चीन और जापान गए। चौथी महान परिषद भी कुषाण शासक कनिष्क के संरक्षण में सन 100 में वहां हुई। सर्वस्तिवादिन स्कूल के भिक्षुओं ने नए सिद्धांत संकलित किए। यही महायान का आधार बना। वैदिक देवता इस समझ का एक हिस्सा थे, जैसे कि ईश्वर की साधना के परम लक्ष्य के साथ ध्यान एक हिस्सा था वैदिक परंपरा का। श्रीनगर के पास कंकुना स्तूप के परिहसापुरा स्मारक पामीर पर्वत से जापान तक पूरे एशिया में एक मॉडल की तरह हैं। वैदिक देवों की कश्मीरी तस्वीर भी बहुत हद तक नकल की गई। कला इतिहासकार सुसान हंटिंगटन हमें याद दिलाते हैं कि चीन में युनांग गुफाएं, एशिया की कई जगहों पर दीवारों पर हुई पेंटिंग और जापान की कुछ पांडुलिपियों का मूल्यांकन इस बात को ध्यान में रखते हुए होना चाहिए कि इनका स्रोत कश्मीर हो सकता है।वैदिक विचारों को भी दक्षिण भारत और दक्षिण पूर्व एशिया से समुद्री मार्ग के जरिए जापान ले जाया गया। इससे पता चलता है कि तमिल स्वर विज्ञान के माध्यम से संस्कृत के कुछ शब्द जापानी में कैसे बदले। उदाहरण के लिए, संस्कृत का होम शब्द जापानी में गोम हो गया। जापान में संस्कृत मंत्रों को दक्षिण भारत की सिद्धम लिपि में लिखा जाता है। गोम-होम और अभिषेकहोम यानी वैदिक अग्नि संस्कार जापान में धर्म के केंद्र में है। इसमें शामिल हैं मंत्र, मुद्रा और मंडल।

**जब** कोई काम नही कर रहे हो तो घड़ी की तरफ देखो ,


और

जब कोई काम कर रहे हो तो घड़ी की तरफ मत देखो ..!!

–अमिताभ बच्चन

आपके ट्वीट

बाह्य जगत के वस्तु पदार्थ अस्थिर और अतृप्ति कारक हैं, इन नश्वर और अपूर्ण वस्तु पदार्थों में आसक्ति ही दुःख का मूल कारण है। सुख का मूल स्रोत परमात्मा है और वह हमारे अंतस् में ही विद्यमान है। यह आत्मानुभुति ही मनुष्य जीवन का परम लक्ष्य है । – अवधेशानंद गिरी





**पहले** योजना समाचार पत्रों में छपती थी जमीन पर उतरती ही नहीं थी। मैंने 30साल 40 साल पुरानी योजनाओं को जमीन पर उतारने का काम किया है। सभी को आवास इसी का एक बानगी है।

– नरेन्द्र मोदी

कार्टून वर्ल्ड




# गणतंत्र को ग्राम पंचायत तक पहुंचाने वाले प्रधानमंत्री राजीव गांधी



**सुधांशु कुमार**

गणतंत्र विशेष

गौर करें कि संसदीय गणतंत्र, एक छतरी की तरह हो गया है। समय-समय पर आने वाली बरखा रूपी जनाकांक्षा की बूंदें, जिसके धारक प्रतिनिधियों को स्पर्श करती भी हों, तो भिगो नहीं रही। सिर्फ इतना नहीं, बल्कि धारक प्रतिनिधि इस बात के लिए ज्यादा सतर्क रहने लगे हैं कि वे किसी भी तरह भीगने न पाएं। हम, भारत विविध भूगोल, संस्कृति व जीवन शैलियों का देश हैं। एकसमान योजना-परियोजना-तौर-तरीका-तकनीक को सभी पर लागू करना; सभी के लिए हितकरी सिद्ध हो; भारत में यह जरूरी नहीं। अतः भारत को एक ऐसे विशाल हृदया निर्मल तालाब की प्रकृति का गणतंत्र होने की जरूरत हो; जिसमें दूर-दूर से आये जल रूपी विविध विचार और समृद्धि प्रयास समा सके; कई रंग के कमल, मछलियां और अन्य जीव-जन्तु न सिर्फ आवास पा सकें, बल्कि उसकी सुन्दरता व गतिविधियों में योगदान दें।

संभवतः इसीलिए राष्ट्रपिता गांधी ने भारत को संवैधानिक तौर पर संसदीय की बजाय, पंचायती गणतंत्र बनाने का दस्तावेज संविधान सभा को सौंपा था। पंचायतीराज विधेयक को संसद में पेश करते वक्त तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भारत के लोगों को अधिकतम लोकतंत्र, अधिकतम सत्ता सुपुर्द कर, सत्ता के दलालों का खात्मा करने की मंशा इभी इसीलिए जाहिर की थी।

उन्होने याद दिलाया था - "जब हम पंचायतों को वही दर्जा देंगे, जो संसद और विधानसभाओं को प्राप्त है; तो हम लोकतांत्रिक भागीदारी के लिए दरवाजे. खोल देंगे।... सत्ता के दलालों ने इस तंत्र पर कब्जा कर लिया है। सत्ता के दलालों के हित में इस तंत्र का संचालन हो रहा है।...सत्ता के दलालों के नाशपाश को तोड़ने का एक ही तरीका है और वह यह है जो जगह उन्होने घेर रखी है, उसे लोकतंत्र की प्रक्रियाओं द्वारा भरा जाए।... सत्ता के गलियारों से सत्ता के दलालों को निकाल कर, पंचायतें जनता को सौंपकर, हम जनता के प्रतिनिधियों पर और जिम्मेदारी डाल रहे हैं कि वे सबसे पहले उन लोगों की तरफ ध्यान दें, जो सबसे करीब हैं; सबसे वंचित हैं; सबसे जरूरतमंद हैं।.... हमें जनता में भरोसा है। जनता को ही अपनी किस्मत तय करनी है।" 73वें-74वें संविधान संशोधन ने पारित होकर दर्जा भी दिया और जिम्मेदारी भी डाली। मोदी सरकार द्वारा शुरू 'ग्राम पंचायत विकास योजना' ने भी एक खिड़की खोली है। संसदीय मतलब आसमानी, पंचायती मतलब जमीनी गणतंत्र; किंतु हम, भारत के नागरिक आज भी यह फर्क हासिल करने को प्रेरित नहीं दिखाई दे रहे। हम, आज भी आसमानी गणतांत्रिक व्यवस्था की ओर ही ताक रहे हैं।

हमें हर जरूरत की पूर्ति के लिए सरकार के समक्ष मांग का कटोरा लेकर ताकने की आदत जो डाल दी गई है। पंचायती गणतंत्र के सपने को जमीन पर उतारने से हिचकिचाहट, आज भी राज्यों के पंचायतीराज अधिनियम में साफ दिखाई दे रही है। एक ओर तारीख-पे-तारीख के खेल में खिंचते मुकदमों से हैरान-परेशान अवाम; दूसरी ओर अनेक ने न्याय पंचायती व्यवस्था को लागू नहीं किया; एक प्रदेश की विधायिका ने लागू को ही मिटा दिया! सत्ता पाकर गांव का प्रधान, पंच और ग्रामसभा में बंट जाना।

इस सत्ता-चरित्र से उबरे बगैर पंचायती गणतंत्रता की ओर बढ़ना असंभव है और आर्थिक साम्राज्यवाद के खतरों से अंतिम जन को बचाना भी। आखिर सत्ता का विकेन्द्रीकरण से क्यों भाग रही है राजनीतिक पार्टियां। क्या इससे बचकर एक बेहतर देश का निर्माण संभव है?

# 22 चित्रों के माधमय से हमारी मूल्यों को दर्शाया गया



**अभय सिंह**

संविधान

22 चित्रों के जरिये भारत की महान परम्परा की कहानी बयां की गई है। इनमें राम कृष्ण, हनुमान, बुद्ध, महावीर, विक्रमादित्य, अकबर, टीपू सुल्तान, लक्ष्मीबाई, गांधी, सुभाष क्यों हैं ? क्या केवल संविधान की किताब को कलात्मक कलेवर देने के लिये ? शायद बिल्कुल नहीं। असल में यह चित्र भारत के लोकाचार और मूल्यों का प्रतिनिधित्व देने के लिये नन्दलाल बोस से बनवाये गए। यही चित्र संविधान की इबारत के जरिये शासन और सियासत के अभीष्ट निर्धारित किये गए थे। सवाल यह है कि संविधान की पुस्तक में इन्हीं 22 चित्रों में नन्दलाल बोस ने रंग क्यों भरा है ? इसका बहुत ही सीधा और सरल जवाब यही है कि ये सभी चित्र भारत के महान सांस्कृतिक जीवन और विरासत के ठोस आधार हैं ये सभी चित्र भारत की अस्मिता के प्रामाणिक अवसरों के दस्तावेज हैं जिनके साथ हर भारतवासी एक तरह का रागात्मक अनुराग जन्मना महसूस करता है।

राम, कृष्ण, हनुमान, गीता, बुद्ध, महावीर, नालंदा, गुरु गोविंद असल में हजारों साल से भारतीय लोकजीवन के दिग्दर्शक हैं। जाहिर है संविधान की मूल रचना में इन्हें जोड़ने के पीछे यही सोच थी कि भारत की आधुनिकता और विकास की यात्रा इन जीवन मूल्यों के आलोक में ही निर्धारित की जानी चाहिये। लेकिन दुःखद अनुभव यह है कि पिछले कुछ दशकों ने भारतीय संविधान निमार्ताओं की भावनाओं के उलट देश के शासनतंत्र और चुनावी राजनीति के माध्यम से भारत के लोकजीवन को धर्मनिरपेक्षता के शोर से दूषित करने का प्रयास किया है। यही धर्मनिरपेक्षता की राजनीति भारत के आधुनिक स्वरूप की समझ और स्वीकार्यता को खोखला साबित करने के लिये पर्याप्त इसलिये है क्योंकि परम्परागत भारत और आधुनिक भारत के मध्य जिस संविधान के प्रावधानों को अलगाव का आधार बनाया जाता है असल में वे आधार तो कहीं संविधान के दर्शन में है ही नहीं।

इसलिये सवाल यह है कि क्या पिछले 45 साल से संविधान की विकृत व्याख्या के जरिये इस देश की सियासत और प्रशासन को परिचालित किया जा रहा है ? जिस राम, कृष्ण, हनुमान को शासन के स्तर पर सेक्युलरिज्म के शोर में अछूत मान लिया गया क्या वे संविधान निमार्ताओं के लिये भी अश्पृश्य थे ? क्या राम की मयार्दा, कृष्णा का गीता ज्ञान, हनुमान का शौर्य, बोस की वीरता, गुरुकुल की शैक्षणिक व्यवस्था, गांधी के राम राज्य, अकबर का सौहार्द, बुद्ध की करुणा, महावीर की शीलता, गुरु गोविंद सिंह का बलिदान, टीपू और लक्ष्मीबाई के शौर्य का अक्स भारत के साथ समवेत होने से हमारी आधुनिकता में कोई ग्रहण लगाने का काम करता है ? हमारे पूर्वजों ने तो ऐसा नहीं माना इसीलिए मूल संविधान में इन सभी प्रतीकों का समावेश डंके की चोट पर किया है क्योंकि भारत कोई जमीन पर उकेरी गई या जीती गई या समझौता से बनाई गई भौगोलिक संरचना मात्र नहीं है यह तो एक जीवंत सभ्यता है जो सृष्टि के सर्जन के समानांतर चल रही है। 26 नबम्बर 1949 को जिस संविधान सभा ने नए विलेख को आत्मार्पित और आत्मसात किया है असल में वह परम्परा और आधुनिक भारत के सुमेलन का उद्घोष मात्र था। लेकिन कालान्तर में यह धारणा मजबूत हुई कि आधुनिक भारत का आशय सिर्फ पश्चिमी नकल, परंपरागत भारत के विसर्जन के साथ हिन्दू जीवन शैली को अपमानित करने से ही है। इसी बुनियाद पर भारत के शासन है।

लेटर टू एडिटर

## चिंता की बात

**देश** में बच्चियों के गायब होने और दुर्व्यवहार का सिलसिला कठोर कानून लागू होने के बाद भी न थमना दुर्भाग्यपूर्ण है। बच्चियों की शिक्षा के साथ सुरक्षा भी जरूरी है। न्यायिक प्रक्रिया ऐसी हो कि सजा में अत्यधिक विलंब न हो। इसी तरह शिक्षक, पालक, समाज सुधारक तथा विशेष तौर से महिला वर्ग बच्चों को चरित्र निर्माण और जागरूकता हेतु प्रेरित करते रहें।

– बीएल शर्मा, जमशेदपुर

## महापुरुषों की राह

**राजनीतिक** क्षेत्र में बढ़ते स्वार्थ का खुलासा करने वाला रहा। चुनावी उम्मीदवार महापुरुषों का अनुसरण मात्र वोट बैंक भुनाने के लिए करते हैं। चुनाव जीतने के बाद वादे, जनता का विश्वास धराशायी हो जाता है। जनहित राजनेताओं की आंखों से ओझल हो जाता है। स्वच्छ राजनीति महापुरुषों के आचरण के अनुसरण से ही संभव है। आज इसका पतन हो रहा है।

– प्रकाश दूबे, गढ़वा

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक, प्रकाशक मंजू सिंह द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।



# टी-20 मैच के लिये जेएससीए स्टेडियम तैयार, 17 को होने हैं मैच











## मनरेगा घोटाले पर सभी जिलों से मांगी गयी रिपोर्ट, इडी ने बढ़ायी दबिश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय की दबिश के बाद ग्रामीण विकास विभाग ने सभी जिलों से मनरेगा में हुई विभिन्न गड़बड़ियों पर जांच शुरू करायी है। विभाग ने इस सबंध में सभी जिलों को पत्र लिखा है और मनरेगा में जो बड़ी गड़बड़ियां हुई हैं उस पर प्रतिवेदन मांगा है। प्रवर्तन निदेशालय ने 100 करोड़ रुपये के सामग्री खरीद की जांच शुरू की है। इसमें आशंका व्यक्त की जा रही है कि भारी गड़बड़ी हुई है। ईडी ने इस पर विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा है। इसी आलोक में ग्रामीण विकास विभाग ने भी जांच प्रारंभ करायी है और फिर से सभी जिलों से प्रतिवेदन देने को कहा है।

दरअसल, यह बात कई माध्यमों से सामने आयी कि मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में सामग्री खरीद में गड़बड़ियां हुई है। पूर्व ग्रामीण विकास सचिव आराधना पटनायक ने भी इसे पकड़ा था। उन्होंने 2021 में ही महज एक सप्ताह में 200 करोड़ की निकासी को संदिग्ध बताया था और इसकी जांच कराने का निर्देश सभी जिलों को दिया है। इसी के बाद ईडी ने इस पूरे मामले को देखना शुरू किया था। प्रारंभिक जांच में 100 करोड़ की गड़बड़ी की आशंका जतायी गयी है। इसमें कई जिलें के डीडीसी सहित प्रखंड पंचायत तक के अधिकारी शामिल हैं। ऐसे में अब ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा मांगे गये प्रतिवेदन के बाद जिलों में भी हड़कंप है। बताते चलें कि मनरेगा के घोटाले में आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल का भी नाम सामने आया है। ईडी की जांच के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। हाल में ही उन्हें जमानत मिली है। अब मनरेगा घोटाले में और भी जो लोग संलिप्त हैं उसकी तलाश की जा रही है। पुख्ता सबुत मिलते ही कड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

## पायलट प्रोजेक्ट के तहत लगे स्मार्ट मीटर 26 जनवरी से हो जायेंगे प्री-पेड

**रांची।** राजधानी में पायलट प्रोजेक्ट के तहत लगाए गए 1227 स्मार्ट मीटर 26 जनवरी से प्री-पेड मोड पर आ जाएंगे। इनमें अधिकांश नए कनेक्शन वाले कंज्यूमर हैं। अब ये उपभोक्ता बिजली खपत के अनुसार री-चार्ज कर बिजली जला सकते हैं। जेबीवीएनएल के जीएम आईटी संजय कुमार सिंह ने बताया कि जिन्होंने नये बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन जमा करते वक्त जमानत राशि जमा की थी, उनकी जमानत राशि बिजली खपत के अनुसार समायोजित कर दी जायेगी।

**प्री-पेड होते ही कंज्यूमरों के मोबाइल में आएगा मैसेज :** संजय सिंह बताया कि जिन स्मार्ट मीटरों को फिलहाल प्री-पेड किया जा रहा, वे अभी अगले छह माह तक लाइव टेस्टिंग मोड पर काम करेगा। स्मार्ट मीटर जैसे ही प्री-पेड मोड में तब्दील होगा, कंज्यूमर के मोबाइल पर वेलकम मैसेज आयेगा। इसमें कंज्यूमर का यूनिक एकांउट नंबर भी रहेगा। साथ ही बिजली खपत के अनुसार शेष राशि का भी जिक्र रहेगा। जेबीवीएनएल ने कंज्यूमरों को यूनिक एकाउंट नंबर को सुरक्षित रखने की सलाह दी है, इसी यूनिक एकाउंट नंबर पर होगा। संजय सिंह ने बताया कि टेस्टिंग फेज में यदि कंज्यूमरों को किसी प्रकार की शिकायत हो, तो उन्हें घबराने की जरूरत नहीं हैं। वे निगम द्वारा गठित कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 9431135515, 9431135503, 9431708974, 9431135535 और 9431709171 पर संपर्क कर अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। दर्ज शिकायतों का निबटारा जल्द कर दिया जायेगा।

## खाद्य आपूर्ति विभाग ने बे'चावल' मनाया चावल दिवस


**रांची।** जिला प्रशासन ने दिसंबर महीने में जिले में चावल दिवस मनाने की घोषणा की थी। सरकारी घोषणा के अनुसार बुधवार को भी चावल दिवस मनाया जा रहा था। परंतु खाद्य आपूर्ति विभाग ने बे'चावल' मनाया चावल दिवस। जिले की किसी भी दुकान में चावल की आापूर्ति नहीं की गयी है। परंतु पीडीएस डीलरों के लिए बनाये गये वाट्सइप ग्रुप में कुछ इस तरह के सूचनाएं प्रसारित की जा रही थी। रांची अनुभाजन क्षेत्र के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदार को सूचित किया जाता है कि दिनांक 25 और 26 को चावल दिवस के रूप में मनाते हुए अपने दुकान से सभी दुकानदार राशन वितरण करें, और जिन दुकानदार को राशन प्राप्त नहीं हुआ है वह सभी भी अपना ई पोस मशीन खोलकर राशन दुकान में ही वितरण अवधि में उपस्थित रहें।

**एक नजर में**

## आत्महत्या की स्थिति में भी मृत सरकारी सेवक के आश्रितों को मिलेगी अनुकंपा पर नौकरी

**रांची।** राज्य में आत्महत्या के मामले में मृत सरकारी सेवक के आश्रितों की अनुकंपा पर नियुक्ति के संबंध में गाइडलाइन जारी किया गया है. कार्मिक विभाग ने इस पर स्पष्ट किया है कि आत्महत्या से संबंधित मामलों में भी अनुकंपा नियुक्ति का लाभ सेवाकाल में मृत सरकारी सेवक के आश्रितों को प्रभावी नियम एवं शर्तों के अनुसार दिया जा सकता है। दरअसल, आत्महत्या के मामले में मृत सरकारी सेवक के आश्रित का अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के दावे के संबंध में विभिन्न जिलों से लगातार कई बार पत्राचार किया जा रहा है कि आत्महत्या के मामले में मृत सरकारी सेवक के आश्रित को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति का लाभ अनुमान्य है अथवा नहीं कार्मिक विभाग ने इसी पर स्थिति स्पष्ट की है। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, विभागध्यक्ष, प्रमंडलीय आयुक्त व उपायुक्तों को पत्र लिखा है। विभाग की ओर से इस संबंध में कहा गया है कि सेवाकाल में मृत सरकारी सेवक आश्रित को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति से संबंधित विभागीय सर्कुलर एक दिसंबर 2015 की तिथि से ही जारी है। इसके आलोक में ही अब तक कार्रवाई की जाती रही है। वहीं, कार्मिक विभाग ने आत्महत्या के मामलों पर भी स्थिति स्पष्ट की है।

## मतदाता दिवस पर विधानसभा में संकल्प सभा



**रांची।** विधान सभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर ने बुधवार को झारखंड विधान सभा सचिवालय में कार्यरत सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलायी। संयुक्त सचिव रामनिवास दास, संयुक्त सचिव शिशिर झा, संयुक्त सचिव रंजीत कुमार, उप सचिव गुरु चरण सिंकु, उप सचिव कमलेश कुमार दीक्षित सहित सभी वरीय पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## सहायक टाउन प्लानर की नियुक्ति मामले में सुनवाई 14 फरवरी को

**रांची।** सहायक टाउन प्लानर की नियुक्ति को लेकर एकल पीठ के आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका पर बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि 14 फरवरी निर्धारित की है। हाई कोर्ट के जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मामले की सुनवाई हुई। इस संबंध में स्वप्निल मयूरेश ने एकल पीठ के आदेश के खिलाफ खंडपीठ में अपील दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि परीक्षा में 22 ऐसे अभ्यर्थी परीक्षा में सफल हुए हैं, जिनके पास विज्ञापन की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर (इंडिया) में पंजीयन का प्रमाण पत्र नहीं है। विज्ञापन में ऐसी कोई शर्त नहीं थी। नियुक्ति प्रक्रिया के बीच में विज्ञापन की शर्तों में बदलाव नहीं किया जा सकता है। ऐसे में इनकी परीक्षा रद की जाए। बता दें कि अप्रैल 2020 में जेपीएससी ने पूरे राज्य में सहायक टाउन प्लानर नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला था। मार्च 2021 को सारी प्रक्रिया पूरी करते हुए जेपीएससी ने परिणाम जारी कर दिया और सफल हुए अभ्यर्थियों की नियुक्ति की अनुशंसा सरकार को भेज दी थी। इस मामले में एकल पीठ ने टाउन प्लानर की नियुक्ति प्रक्रिया को सही मानते हुए प्रार्थी की याचिका को खारिज कर दिया था।

## भाजपा को मजबूती के साथ सर्वव्यापी बनायें : दीपक प्रकाश

**रांची।** प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में बुधवार को नव गठित विभाग एवं प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक, सह संयोजक की बैठक हुई। इसमें 46विभाग एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर दीपक प्रकाश ने सभी नये दायित्व धारियों को बधाई एवम शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भाजपा व्यापकता में विचार करने वाली एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी है। जिसका उद्देश्य भारत माता को विश्व गुरु बनाना। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य की प्राप्ति केलिए हम भाजपा को सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी, सर्व ग्राही एवं सर्व समावेशी बनाने की दिशा में लगातार कार्य करना है। उन्होंने कहा कि समाज में प्रोग्राम ओरिएंटेड एवं क्वालिटी बेस्ड संगठन खड़ा करें जिसमे संगठन का जनाधार भी बढ़े और कार्यकर्ता की क्षमता भी विकसित हो। उन्होंने कहा कि संगठन कार्यों में निरंतरता ही पार्टी की पहचान है।

## आइटी और संचार के मुंबई स्टडी टूर में शामिल हुए सांसद संजय सेठ



**रांची।** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार से संबंधित स्थाई समिति के स्टडी टूर के दौरान सांसद संजय सेठ ने मुंबई में प्रसार भारती और भारत का लोक सेवा प्रसारक के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में अपने सुझाव रखे। इस दौरान सांसद श्री सेठ ने बीएसएनल और एमटीएनएल की कार्य पद्धतियों की समीक्षात्मक बैठक में भाग लिया। इन्हें और बेहतर बनाने की दिशा में अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इसके साथ ही, एयरटेल, जिओ, वोडाफोन, आइडिया जैसी अन्य संचार सेवाएं उपलब्ध कराने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों से बातचीत कर उन्हें भी अपनी सेवाओं में सुधार लाने से संबंधित विमर्श किया। इस स्टडी टूर के दौरान सांसद सूचना प्रसारण मंत्रालय और सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन की समीक्षात्मक बैठक में शामिल हुए। जिसमें फिल्मों के प्रसारणए उनकी सामग्री कैसे समाज उपयोगी हो।

## निर्मला कॉन्वेंट में पूर्व विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** निर्मला कान्वेंट हाई स्कूल में बुधवार को अभिभावक गोष्ठी सह पूर्व छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद बसंती लाकड़ा, विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा तथा प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने द्वीप जलाकर किया। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पूर्व छात्र-छात्रा के सम्मान में कई आकर्षक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए। विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा ने कहा कि विद्यालय अपने छात्र-छात्राओं की सफलता से पहचाना जाता है तथा इस कार्यक्रम के माध्यम से पूर्व छात्र-छात्रा को सम्मान देना आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए आत्मविश्वास तथा प्रगति की राह दिखाता है।

विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने कहा कि यह विद्यालय मात्र दो छात्रों से शुरू हुआ था और आज यहां के छात्र-छात्रा सरकारी नौकरी, इंजीनियरिंग कॉलेज तथा देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में चयनित होकर अपनी सफलता के झंडे गाड़ रहे हैं। यह पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है। श्री शर्मा ने कहा कि विद्यालय 25 वर्षों से लगातार छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्प है तथा आगे भी छात्र-छात्राओं को सफलता की मंजिल पर पहुंचाने का काम करता रहेगा। मौके पर छात्रा नंदनी कुमारी जो राष्ट्रीय स्तर पर कराटे में गोल्ड मेडल प्राप्त कर चुकी हैं, कहा कि यह विद्यालय हमारे लिए एक मंदिर की तरह है। इसने हमें तराशने और निखारने का काम किया है। वहीं, अंकिता कुमारी, अलका, गोपाल कुमार, रोहित कुमार अनुज कुमार इत्यादि जिनका चयन देश के प्रतिष्ठित कॉलेजों तथा इंजीनियरिंग कॉलेजों में हुआ।



माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को वसंत पंचमी पर्व मनाया जाता है और विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा की जाती है। इस बार सरस्वती पूजा गुरुवार (26 जनवरी) को है। मान्यता है कि मां सरस्वती की पूजा से ज्ञान, बुद्धि-विवेक मिलता है, साथ ही कला, विज्ञान व संगीत में विशेषज्ञता मिलती है।

## समस्या नहीं समाधान है ऊर्जा मेला वरदान है



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार के उर्जा विभाग के दिशानिर्देश में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के द्वारा पुंदाग मे उर्जा मेला का आयोजन किया गया। इस मेले के माध्यम से पुंदाग के स्थानीय विद्युत उपभोक्ताओं को यह जानकारी दी गयी कि यह उर्जा मेला उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रख कर आयोजित किया गया है। इसमें उक्त क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता जिन्होंने किसी कारण से बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है, या बिजली बिल प्राप्त करने में कोई समस्या है, बिजली बिल खपत से ज्यादा आता है जैसी कोई भी समस्या है तो उर्जा मेला में आकर एसडीओ तथा संबंधित पदाधिकारियों से मिलें अपनी समस्याओं को रखे। और उसके निदान का सुझाव प्राप्त करें। उर्जा मेला मे यह भी बताया गया कि यदि बिजली बिल अधिक है और उसका भुगतान एक साथ करने में सक्षम नहीं है तो संबंधित पदाधिकारी से मिलें और आवेदन देकर किस्तों में उपभोग किए गए बिजली बिल का भुगतान सहजता से कर सकते है। उर्जा मेले में उपस्थित एसडीओ शिवजीत कुमार ने बताया कि उर्जा मेला को लेकर लगाया गया यह शिविर आपलोगों के लिए कोई समस्या नहीं बल्कि यह उर्जा मेला उपभो्क्ताओं के लिए वरदान है। विद्युत उपभोक्ता इस मेले में आएं झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड की योजनाओं को जाने समझे। उपभोक्ताओं के हित अथवा झारखंड बिजली वितरण निगम लि. के हित में कोई सुझाव देना चाहते हैं तो उनका स्वागत है।

# मोरहाबादी में गणतंत्र दिवस समारोह : सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक नो इंट्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। मोरहाबादी में होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। यहां राज्यपाल रमेश बैस झंडोत्तोलन करेंगे। समारोह को लेकर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। राजभवन से राज्यपाल का कारकेड जिस रास्ते गुजरेगा, उसकी सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त रखी गयी है। वहीं कल सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गयी है। इसके अतिरिक्त शहर कई रास्तों की यातायात को डाइवर्ट किया गया है। एसएसपी, उपायुक्त सहित जिला के तमाम अधिकारियों ने इस व्यवस्था की समीक्षा की। साथ ही जायजा लिया।

इस रास्ते गुजरेगा राज्यपाल का कारकेड



जिला प्रशासन की ओर से की गयी व्यवस्था के मुताबिक राज्यपाल का कारकेड राजभवन मोड़ से रणधीर वर्मा चौक, एटीआई मोड़, सिद्धो-कान्हू पार्क, रांची कॉलेज, राजकीय अतिथिशाला से बाएं मुड़कर वीवीआईपी प्रवेश द्वार से मुख्य मंच तक पहुंचेगा। वहीं झंडोत्तोलन के दौरान बिना पास के वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा। वीवीआईपी के लिए अलग रूट तय किया गया है। इस दौरान पार्किंग के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश के लिए 13 ड्रॉप गेट लगाए गए हैं। इन-इन जगहों पर बने हैं ड्रॉप गेट

**ड्रॉप गेट नंबर 1 :** डीसी आवास से मोरहाबादी पहुंचने वाले मार्ग पर लगा होगा। यहां से केवल वीवीआईपी, पदाधिकारी और मीडियाकर्मियों का प्रवेश होगा।

**ड्रॉप गेट नंबर 2:** दीनदयाल नगर की ओर से उपायुक्त आवास से होकर मोरहाबादी जाने वाले मार्ग पर सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित होगा।

**ड्राॅट गेट नंबर 3 :** उपायुक्त आवास से आगे, इस मार्ग पर केवल वीवीआईपी, पदाधिकारी और मीडियाकर्मियों को प्रवेश होगा।

**ड्रॉप गेट नंबर 4 :** शिबू सोरेन आवास के बगल में, यहां से सामान्य वाहनों का प्रवेश होगा।

**ड्रॉप गेट नंबर 5:** आर्मी मैदान के सामने, यहां से पदाधिकारी, मीडियाकर्मी को छोड़ अन्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

**ड्रॉप गेट नंबर 6 :** मोरहाबादी सब्जी बाजार मोड़, यहां से पदाधिकारियों और पासधारी वाहनों का प्रवेश होगा।

ड्रॉप गेट नंबर 7 : मोरहाबादी मैदान वाले मंदिर के बगल में, यहां से केवल पास वाले वाहन प्रवेश कर पाएंगे।

**ड्रॉप गेट नंबर 8 :** रजिस्ट्री ऑफिस से मोरहाबादी मैदान की तरफ जाने वाले रास्ते पर आम लोगों के वाहनों के प्रवेश पर रोक है।

**सिटी ट्रैफिक की ऐसी बनी है व्यवस्था**

बड़े वाहनों का बूटी मोड़ से बरियातू होते हुए तथा अन्य उपरोक्त मार्गो से शहर में प्रवेश वर्जित रहेगा।

बूटी मोड़ से बरियातू मार्ग में छोटे वाहन करम टोली चौक से जेल चौक की ओर परिचालन कर सकेंगे।

करम टोली चौक से उपायुक्त आवास की ओर से सफेद, पीला एवं नारंगी पास युक्त तथा गणतंत्र दिवस समारोह में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा प्रयोग में लाए जाने वाले वाहनों को छोड़ कर अन्य सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।

टैगोर हिल की तरफ से आने वाले छोटे वाहनों का परिचालन करमटोली चौक से जेल चौक एवं बरियातू रोड होकर बूटी मोड़ किया जा सकेगा।

जेल चौक करमटोली होते हुए छोटे वाहन बरियातू होते हुए बरियातू रोड होकर बूटी मोड़ जा सकेंगे।

कांके की ओर से आने वाले भारी वाहनों का परिचालन नगर क्षेत्र की ओर बंद रहेगा। वैसे भारी वाहन चांदनी चौक तक ही रहेंगे। छोटे वाहन राम मंदिर मोड़ से सीधे हॉट लिप्स चौक, न्यू मार्केट चौक होकर गंतव्य स्थल की ओर जा सकेंगे।

पंडरा /पिस्का मोड़ से नगर क्षेत्र की ओर भारी वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। छोटे वाहन उक्त मार्ग से आ सकेंगे तथा रातू रोड चौक / न्यू मार्केट चौक से कांके की तरफ या किशोरी यादव चौक की ओर जा सकेंगे।

राम मंदिर मोड़ एवं एटीआई मोड़ से मोरहाबादी मैदान की ओर पास युक्त वाहनों को छोड़कर सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।

राज्यपाल, सांसद, विधायक एवं उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एटीआई मोड़ सिद्धो-कान्हू पार्क मोड़ रांची कॉलेज मोड़ होते हुए गेस्ट हाउस से बांए मुड़ कर वीआईपी प्रवेश द्वार से मंच तक जाएंगे और उनके वाहनों की पार्किंग वीआईपी मंच के पीछे दक्षिणी छोर पर बने पार्किंग स्थल पर की जाएगी।

# रामगढ़ से झापा ने संतोष महतो को बनाया उम्मीदवार



**रांची।** झारखंड पार्टी (झापा) ने रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी। झापा ने संतोष महतो को अपना उम्मीदवार बनाया है। बुधवार को झापा के केंद्रीय कार्यालय में हुई केंद्रीय संसदीय बोर्ड की बैठक में निर्णय लिया गया। इस बैठक के बाद केंद्रीय प्रधान महासचिव अशोक भगत ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि रामगढ़ उपचुनाव में पार्टी ने स्नातकोत्तर पास संतोष महतो को चुनावी मैदान में उतारने का निर्णय लिया है। इस बैठक में वरीय उपाध्यक्ष मो रिजवान कार्यकारी अध्यक्ष -किरण आइन्द केंद्रीय महासचिव उमेश पांडे जिला अध्यक्ष अंशू लकड़ा, आनंद पॉल तिर्की, जाहना परवीन उपस्थित थे।


## प्रपत्र VI 'क'
## समाहर्त्ता या समुचित सरकार उपायुक्त का कार्यालय, चतरा

(भू–अर्जन शाखा) प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)
ज्ञापांक:–62/भू0अ0दिनांक:–24.01.2023

चूंकि समाहर्त्ता, चतरा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम– **कबरा**, थाना नं0– **20** थाना– **टण्डवा**, अंचल– **टण्डवा**, जिला– **चतरा** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा **सिसई मोड़ से शिवपुर रेलवे स्टेशन रोड** हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–**कबरा, थाना–टण्डवा**, थाना नं0–**20**, अंचल–**टण्डवा**, जिला–**चतरा** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **0.295** एकड़ यानि **0.1193** हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है,

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10 | 181 | रैयती | कृषि | 0.16 | बालेश्वर यादव पिता– स्व0 नेमा यादव एवं अन्य। | नीज | नीज | गै0म0 प्लॉट सं0–194 | गै0म0 प्लॉट सं0–180 |
| 2 | 12 | 179 | रैयती | कृषि | 0.065 | मुसाफिर मियाँ, तेजु मियाँ, नेजु मियाँ पिता– स्व0 सदन मियाँ एवं अन्य। | मोती मियाँ | नीज | प्लॉट सं0–180 | प्लॉट सं0–173 |
| 3 | - | 184 | रैयती | कृषि | 0.02 | बैजु सिंह पिता– स्व0 भुलन सिंह एवं अन्य। | नीज | प्लॉट सं0–194 | नीज | प्लॉट सं0–194 |
| 4 | - | 185 | रैयती | कृषि | 0.05 | अस्पष्ट | नीज | मुसाफिर मियां वगै0 | प्लॉट सं0–180 | प्लॉट सं0–173 |
| | | | | कुल रकवा | 0.295 | | | | | |

संरचना की विवरणी

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | संरचना | संरचना का स्वरूप | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 12 | 179 | रैयती | मकान | – | मुसाफिर मियाँ, तेजु मियाँ, नेजु मियाँ पिता– स्व0 सदन मियाँ एवं अन्य। | – | – | – | – |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।
भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, चतरा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस की कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, चतरा और उनके कर्मचारी कानूनगो/ अमीन/ संबंधित को प्राधिकृत करती है।
अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की अपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, चतरा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उपायुक्त,
चतरा

PR288353 (Land Reforms)22-23*D



## नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

पत्रांक : 120 दिनांक : 24.01.2023

नेतरहाट प्रवेश परीक्षा सत्र 2022–23 में प्रथम दृष्टया अस्वीकृत आवेदकों की सूची कारणों सहित विद्यालय के वेबसाईट www.netarhatvidyalaya.com पर उपलब्ध है। शेष सभी अभ्यर्थी जिन्होंने ऑफलाईन/ऑनलाईन माध्यम से आवेदन किया है; उन्हें पूर्णतः औपबंधिक प्रवेश पत्र विद्यालय वेबसाईट के माध्यम से दिनांक–10.02.2023 से ऑनलाइन ही निर्गत किया जायेगा।

अतः प्रवेश पत्र निर्गत होना उम्मीदवारी के सत्यापन का प्रमाण नहीं माना जायेगा। चयनित होने पर अभ्यर्थियों का नामांकन पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या–1834, दिनांक–13.10.2022 के आलोक में सभी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने पर ही मान्य होगा।

ह०/प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
सह–सदस्य सचिव,
नेतरहाट विद्यालय समिति, नेतरहाट

PR 288334 Human Resource Developement (22-23)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची
e-mail:-eercdranchi-jhr@nic.in, eercdranchi.jhr@gmail.com
Phone: 0651-2361018

अतिअल्पकालीन उद्धरण आमंत्रण सूचना सं0–06/2022–23

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, राँची के अन्तर्गत चल रहें कार्यो के पर्यवेक्षण हेतु मासिक किराये पर डीजल ए.सी. वाहन एक अदद इनोवा (Innova) की आपूर्ति हेतु दिनांक 06.02.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक दर हेतु उद्धरण मुहरबन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा। जो दिनांक 06.02.2023 को अपराह्न 3.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उद्धरणकर्त्ता / उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के समक्ष उपस्थित/ अनुपस्थिति में खोला जायेगा।

उद्धरणकर्त्ता की शर्त कार्यालय एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची

PR 288314 Road Construction Dept
Road Division Ranchi (22-23)_D



## कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू
दूरभाष (मो0) सं0–8987263405 (जिला भू–अर्जन शाखा)
Email {dlaopalamau@gmail.com}

KHATIAN AND VALUATION STATEMENT
(3G Award के तहत् घोषित)
Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (Section-III)
( कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण।)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI-75) (कि0मी0 147.450 भोगू से कि0मी0 196.870 शंखा तक पथ का 4 लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तद्नुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा/आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा–बैरिया, थाना–विश्रामपुर, थाना नं0–77
पत्रांक 59 (E)/भू0अ0, दिनांक 20.01.2023

| क्र0 सं0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | अर्जनाधीन रकबा एकड़ में | किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | बैरिया | 27 | 205/3, 206/3, 207/3, 208/3, 212/3 | 0.1141 | टांड़ 2 | 0.1141 | 1 | बृज किशोर दुबे वगै पिता जगदीश दुबे | |
| 2 | | 27 | 205/2, 206/2, 207/2, 208/2, 212/2 | 0.1141 | टांड़ 2 | 0.1141 | 2 | महेन्द्र दुबे वगैरह पिता हरिहर दुबे | |
| 3 | | 27 | 205/1, 206/1, 207/1, 208/1, 212/1 | 0.1141 | टांड़ 2 | 0.1141 | 3 | रमेश दुबे वगैरह पिता सालीक दुबे | |
| | | | कुल :– | 0.3423 | | 0.3423 | | | |

कानुनगो, जिला भू–अर्जन कार्या0,पलामू। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू। अपर समाहर्त्ता, पलामू। उपायुक्त, पलामू।

PR288375 (Palamu)22-23*D


# हेमंत सोरेन ने दुमका को दी कई सौगातें

## आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कन्वेंशन सेंटर जिलेवासियों को किया समर्पित

- सीएम ने 10 अरब 95 करोड़ 60 लाख 57 हजार 890 रुपये की लागत से 110 योजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास
- कल्याणकारी योजनाओं के 88777 लाभुकों के बीच 1 अरब 59 करोड़ 37 लाख 77 हजार 231 रुपये की परिसंपत्ति का मुख्यमंत्री ने किया वितरण
- मुख्यमंत्री ने 103 को सौंपा नियुक्ति पत्र



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने दुमका को कई सौगातें दी है। श्री सोरेन ने बुधवार को दुमका को कन्वेसन सेंटर की सौगात दिया। उन्होंने कहा कि योजनाएं समय पर पूरी हो, इसके लिए उसकी लगातार मॉनिटरिंग जरूरी है। उन्होंने करीब दस अरब 95 करोड़ की लागत से 110 योजनाओं का शिलान्यास व उदघाटन किया। साथ ही, करीब 88, 777 लाभुकों के बीच एक अरब 59 करोड़ की परिसंपत्तियों का वितरण किया। सीएम ने 103 अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र। उन्होंने कहा कि व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाएं। जिला स्तर पर योजनाओं की समीक्षा से बेहतर नतीजे मिलते हैं। योजनाओं का क्रियान्वयन तीव्र गति हो। योजनाएं ससमय पूरी हो। इसके लिए योजनाओं की लगातार निगरानी जरूरी है। इसी कड़ी में मैं स्वयं जिलों में जाकर मुख्यालय और जिले के अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं की जमीनी हकीकत की जानकारी ले रहा हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला स्तरीय योजनाओं की समीक्षा जिलों में होनी चाहिए। इससे निि्त तौर पर बेहतर नतीजे आएंगे। मुख्यालय मैं बैठे वरीय अधिकारी की जिम्मेदारी है कि वे जिला स्तरीय योजनाओं की मॉनिटरिंग नियमित रूप से करें। अगर सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाएंगे तो हम एक बेहतर और व्यवस्थित व्यवस्था दे सकेंगे। इसका फायदा इस राज्य और यहां रहने वाले लोगों को होगा। सीएम ने कहा कि सरकार ने इस राज्य में पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं को दूर करने की एक नई परिपाटी शुरू की। योजना की सफलता का आकलन इसी बात से किया जा सकता है कि लाखों लोगों को उनके दरवाजे पर जाकर सरकार की योजनाओं का लाभ दिया गया।

इस अवसर पर सांसद विजय हांसदा, विधायक नलिन सोरेन और बसंत सोरेन, जिला परिषद अध्यक्षा, डीआइजी सुदर्शन प्रसाद मंडल, उपायुक्त रविशंकर शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अंबर लकड़ा समेत जिले के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### एक ही छत के नीचे कई सुविधाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि दुमका संथाल परगना प्रमंडल का केंद्र बिंदु होने के साथ झारखंड की उप राजधानी है। यह जिला कई क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बना कर आगे बढ़ रहा है। इस कड़ी में कन्वेंशन सेंटर यहां के लिए एक और बड़ी सौगात है। यह सेंटर एक मायने में पूर्ण पैकेज की तरह है एजहां सांस्कृतिकए सेमिनारए सम्मेलन समेत कई कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। यह आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित और बहु उपयोगी सेंटर हैए जहां एक छत के नीचे कई सुविधाएं उपलब्ध है । इस सेंटर की व्यवस्था मेंटेन रहे ए इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होगी। महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास हुआ उसमें 9 उच्च स्तरीय पुलए 45 स्वास्थ्य उप केंद्रों का भवन निर्माण, 12 सड़कें, 10 सड़कों का मजबूती करण और चौड़ीकरण, 4 चेक डैमए जामा–जरमुंडी जलापूर्ति योजनाए काठीकुंड शिकारीपाड़ा जलापूर्ति योजना तथा दुमका हवाई अड्डा के लिए अधिग्रहित अतिरिक्त भूमि का चहारदीवारी निर्माण शामिल है।

# शहीद के गांव में सोलर इरिगेशन से लहलहा रही फसल

## शहीद नीलांबर पीतांबर के परिजन विभिन्न योजनाओं से हुए लाभान्वित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा एक वर्ष पूर्व मिले निर्देश के बाद लातेहार के कोने गांव में अब खेती की नई इबारत गढ़ी जा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर यहां की पारंपरिक सिंचाई विधि को काफी हद तक बदल दिया गया है। ताकि किसानों को फसलों की अधिक उत्पादकता प्राप्त हो सके। अब यहां सोलर आधारित लिफ्ट इरिगेशन से खेतों में सिंचाई कर किसान अपने विकास का रास्ता प्रशस्त कर रहे हैं। किसानों की मांग पूरी होने से उनके चेहरे पर मुस्कान है।

**शहीद के गांव पहुंचे थे मुख्यमंत्री:** प्रथम चरण में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री वीर शहीद नीलांबर पीताम्बर की जन्म भूमि कोने गांव गए थे। इस दौरान किसानों ने मुख्यमंत्री से गांव में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की थी। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को बताया था कि सिंचाई सुविधा नहीं होने कारण लोग कम समय खेती कर पाते हैं। जिससे उन्हें परिवार चलाना मुश्किल हो जाता है। किसानों ने यह भी कहा था कि डीजल पंप से खेतों से सिंचाई करना किसानों के लिए घाटे का सौदा है। इसलिए कुछ ऐसी व्यवस्था करवायें जिससे ग्रामीणों को सुविधा मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान वीर शहीद नीलांबर पीताम्बर के परपोते कोमल खरवार ने मुख्यमंत्री को योजनाओं से वंचित होने की बात कही थी। इसके बाद मुख्यमंत्री के निर्देश पर शहीद के परिजनों को आवास योजनाए पशुधन विकास योजना समेत अन्य योजनाओं से जोड़ा गया। शहीद के घर तक जाने वाली सड़क को दुरुस्त किया गया। साथ ही सड़क के किनारे स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की गई। देखते ही देखते कोने गांव की सूरत बदल गई। अब शहीद के परिजन और ग्रामीण खुश हैं। वर्षों बाद उन्हें उनका हक और अधिकार मिला।

## पूर्व मंत्री एनोस एक्का की पत्नी मेनन एक्का ने कोर्ट में किया सरेंडर

**रांची।** आय से अधिक संपत्ति मामले में दोषी पूर्व मंत्री एनोस एक्का की पत्नी मेनन एक्का ने रांची सीबीआई कोर्ट में सरेंडर कर दिया। सरेंडर करने के बाद अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। रांची सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभात शर्मा की कोर्ट में मेनन एक्का ने सरेंडर किया। वह प्रोविजनल बेल पर थीं। प्रोविजनल बेल की अवधि पूरी होने के बाद उन्होंने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। पिछले दिनों हाईकोर्ट ने मनी लाउंड्रिंग और आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के केस में दोषी पूर्व मंत्री एनोस एक्का और उनकी पत्नी मेनन एक्का की अपील याचिका खारिज करते हुए इडी कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा है। इडी कोर्ट और सीबीआई कोर्ट द्वारा अलग-अलग मामलों में दोषी करार दिये जाने के बाद पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

## स्थायीकरण को लेकर 10 दिनों से आंदोलन पर हैं अनुबंध स्वास्थ्यकर्मी



पिछले दो दिनों से बैठे हैं आमरण अनशान पर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखण्ड राज्य एनआरएचएम एएनएम-जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ एवं झारखण्ड अनुबन्धित पारा चिकित्सा कर्मी संघ के आन्दोलन का आज दसवां दिन है। पिछले दो दिनों से संघ के कर्मी आमरण अनशन पर बैठे हैं। उनके अनशन का छत्तीस घंटा बीत चुका है। सभी बिना अन्न और बिन पानी अनशन पर हैं। इस कारण उनमें से कुछ की तबियत भी बगड़ने लगी है। गुरुवार को कई लोगों को उल्टी,बुखार,पेट दर्द, सर दर्द, हुआ। आांदोवन के दसवें दिन भी 2000 की संख्या में कर्मी धारना स्थल पर पहुंचे। इस दौरान उनका हौसला बढ़ाने भारतीय जनतंत्र मोर्चा पार्टी के अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी और शीतल मुंडा तथा झारखण्ड राज्य आराज्यपत्रित कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष गोपाल शरण सिंह और अखिलेश कुमार सिंह समेत कई अन्य लोग भी आए और उनकता हौसला बढ़ाया। संघ की प्रदेश महासचिव वीणा कुमारी भी आमरण अनशन पर बैठी हैं। उन्होंने कहा कि इस बार अरा-पार की लड़ाई होगी। 26 जनवरी को भी सभी लोग अनशन पर डटे रहेंगे और अनशन स्थल पर झंडोत्तोलन करेंगे।

## खबर एक नजर में

### डीपीएस स्कूल को हाइकोर्ट से नोटिस जारी



रांची। शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीआइ) मामले में डीपीएस रांची को हाइकोर्ट से नोटिस जारी हुआ है। अवनी रानी नामक छात्रा के पिता राजेश कुमार महतो की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाइकोर्ट ने डीपीएस को नोटिस जारी किया है। शिक्षा के अधिकार के अधिनियम के तहत नामांकन रद्द करने का कारण नहीं बताने पर अदालत ने स्कूल को नोटिस किया है। जानकारी के मुताबिक 27 जनवरी तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से हाई कोर्ट का नोटिस स्कूल तक पहुंचेगा। वहीं मामले में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग एवं रांची डीसी को भी जवाब दाखिल करने का निर्देश अदालत ने दिया है। अब कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 21 फरवरी की तारीख मुकर्रर की है।

### झारखंड राज्य पत्रकार स्वास्थ्य बीमा को अब 5 फरवरी तक कर सकते हैं आवेदन

**रांची।** झारखण्ड राज्य में अपनी सेवा देने वाले मीडिया प्रतिनिधियों / पत्रकारों को ग्रुप चिकित्सीय एवं व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना का लाभ उपलब्ध कराने के लिए झारखण्ड राज्य पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना का संचालन राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। इस योजना से जुड़ने के लिए पत्रकारों द्वारा आवेदन समर्पित करने के लिए अंतिम तिथि 25 जनवरी 2023 निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 5 फरवरी 2023 किया जा रहा है। अब जो पत्रकार इस योजना का लाभ उठाना चाहते हैं। वे इच्छुक पत्रकार विभागीय वेबसाईट दिये गये लिंक पर क्लिक कर 5 फरवरी 2023 तक आवेदन समर्पित कर सकते है।

### 50 अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच शुरू

**रांची।** विभिन्न सेवाओं से डिप्टी कलेक्टर पद के लिए अनुशंसित 50 अभ्यर्थियों की शैक्षणिक, जाति, आवासीय आदि प्रमाण पत्रों की जांच बुधवार से प्रारंभ की गयी है। यह जांच 25 व 27 जनवरी तक प्रोजेक्ट भवन में होगी। कार्मिक विभाग ने प्रथम सीमित उपसमाहर्ता प्रतियोगिता परीक्षा विज्ञापन संख्या 05, 2005 के माध्यम से झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा उपसमाहर्ता के पद पर सभी 50 अनुशंसित अभ्यर्थियों को अपने जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रमाण लेकर आने को कहा है। विभाग ने सत्यापन के लिए दो जांच दल भी गठित किया है। इसमें संयुक्त सचिव ओमप्रकाश साह के साथ अवर सचिव ब्रजमोहन माधव, प्रशाखा पदाधिकारी से गौतम कुमार, दूष्यंत कुमार, राहुल कुमार, रोहित कुमार मूर्म हैं। दूसरी टीम में उप सचिव अमर कुमार है। इनके साथ अवर सचिव सुनील कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी अमित कुमार, कुमार विनायक, कृष्ण कन्हैया, अजय मरांडी शामिल हैं। जांच कार्य के लिए अलग से पर्यवेक्षण भी दल बनाया गया है।

### गुरमुख सिंह मुखे को राहत देने से हाइकोर्ट का इनकार

**रांची।** गुरूमुख सिंह मुखे की क्रिमिनल रिवीजन पर झारखंड हाईकोर्ट ने फैसला सुना दिया है। इस मामले की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय प्रसाद की अदालत में हुई। सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने गुरमुख सिंह मुखे की याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने मुखे को राहत देने से इनकार कर दिया है। याचिका खारिज होने ने मुखे को बड़ा झटका लगा है। मुखे को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। गुरूमुख सिंह मुखे की ओर से वरीय अधिवक्ता आर एस मजूमदार और रोहन मजूमदार ने अदालत में पक्ष रखा। यह मामला झारखंड सिख प्रतिनिधि बोर्ड के अध्यक्ष गुरुचरण सिंह उर्फ बिल्ला की हत्या की साजिश रचने का आरोप है। जिसमें मुखे को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। जब इस घटना को अंजाम दिया गया था उस समय गुरुमुख सिंह मुखे सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के चैयरमैन के पद पर थे। यह मामला जमशेदपुर ज़िले से जुड़ा हुआ है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राज्यपाल ने दी बधाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राट्रीय मतदाता दिवस पर राज्यपाल ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि विशेषकर उन युवा मतदाताओं को मैं विशेष बधाई देता हूं, जिनका पहली बार मतदाता सूची में नाम शामिल हुआ है। इस अवसर पर मैं चुनाव आयोग के साथ-साथ निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी लोगों को बधाई देता हूं। आयोग के स्थापना दिवस के अवसर पर वर्ष 2011 से इस दिन को मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। सभी मतदान केन्द्रों पर आयोजित होने वाले मतदाता दिवस कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक किया जाता है।

## वोटरों की भागीदारी के बिना लोकतंत्र की कल्पना अधूरी : राज्यपाल



**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस लोकतंत्र में मतदाताओं के महत्व को भी दशार्ता है। मतदाताओं की भागीदारी के बिना लोकतंत्र की कल्पना अधूरी है. विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते भारत में मतदाताओं को जागरूक करने और चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने में इस दिन का विशेष महत्व है। राज्यपाल बुधवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आर्यभप्त सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। राज्यपाल ने कहा कि भारत का निर्वाचन आयोग अपने स्थापना काल से ही विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को निरंतर सशक्त बनाने के लिए वचनबद्ध है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस का थीम रखा गया है-वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम। लोकतंत्र की मजबूती मतदाताओं की सतर्कता एवं जागरूकता पर ही निर्भर है। लोकतंत्र में सिर्फ वोटर बनना ही उपलब्धि नहीं है, मतदाताओं पर बहुत बड़ा दायित्व होता है और मतदाता पहचान पत्र आपको अपने दायित्व का निरंतर बोध कराता है।

## एनसीसी-एनएसएस कैडेट्स को पीएम ने दिया सफलता का मंत्र, बोले

# राष्ट्र निर्माण की बड़ी जिम्मेदारी आप पर

- युवाओं से संवाद 2 कारणों से मेरे लिए महत्वपूर्ण होता है, एक तो इसलिए कि युवाओं में ऊर्जा होती है, ताजगी होती है जुनून होता है और नयापन होता है। युवाओं के माध्यम से सारी सकारात्मकता मुझे लगातार प्रेरित करती रहती है



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनसीसी कैडेटों, एनएसएस स्वयंसेवकों, जनजातीय अतिथियों और झांकी कलाकारों के साथ बातचीत की।

इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते कुछ हफ्तों में मुझे युवाओं से मिलने का मौका मिला। युवाओं से संवाद 2 कारणों से मेरे लिए महत्वपूर्ण होता एक तो इसलिए कि युवाओं में ऊर्जा होती है, ताजगी होती है जुनून होता है और नयापन होता है। युवाओं के माध्यम से सारी सकारात्मकता मुझे लगातार प्रेरित करती रहती है। दूसरा युवा देश की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिनिधित्व करते हैं। विकसित भारत के सबसे बड़े लाभार्थी भी युवा हैं। देश के निर्माण की सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी युवाओं के कंधे पर है। उन्होंने कहा कि आज देश में युवाओं के जितने नए अवसर हैं, वह अभूतपूर्व हैं। देश स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियान चला रहा है। स्पेस सेक्टर से लेकर एनवॉयरनमेंट और क्लाइमेट से जुड़े चैलेंज तक भारत आज पूरी दुनिया के भविष्य के लिए काम कर रहा है। पीएम ने कहा कि इस साल हमारा भारत जी-20 की अध्यक्षता भी कर रहा है।

ये भारत के लिए एक बड़ा अवसर है। आप इसके बारे में भी जरूर पढ़ें, स्कूल, कॉलेज में भी इससे जुड़ी चर्चा करें। इस समय देश अपनी विरासत पर गर्व और गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है।

झारखण्ड सरकार

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

जिला नियोजनालय, चतरा

भर्ती–कैम्प, दिनांक–27.01.2023

सूचना

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, चतरा कार्यालय द्वारा दिनांक–27.01.2023 को कार्यालय परिसर में पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक **Dev Assist Service Pvt Ltd. ( Bokaro Steel City Jharkhand)** द्वारा विभिन्न पदो हेतु एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसका विवरण निम्नलिखित है।

| Si No | Post Name | Salary/ Stipend | Qualification | Location | Company | Experience | Age | SEX/ Height | Seat | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Marketing executive | 12000+1000 fuel 11000+1000 fuel | 12th ITI (Fitter, Electrician) | Chatra & Hazaribag | Dev Assist Services Pvt. Ltd (Bokaro steel city, Jharkhand) | --- | 22-40 | M/F | 100 | ----- |
| | Marketing manager | 13000 | Graduation | Chatra & Hazaribag | | ---- | 30-40 | M/F | 02 | ----- |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है, वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar. jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा। कोविड–19 हेतु निर्गत दिशा–निर्देशों/**SOP** का दृढतापूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक है। अतः सामाजिक दूरी का पालन, फेसमास्क, सेनिटाइजर एवं ग्लब्स इत्यादि का उपयोग करेंगें। इस निमित किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

**नोट :– यह कार्य निःशुल्क है। किसी भी प्रकार का लेन–देन अपराध है।**

जिला नियोजन पदाधिकारी
जिला नियोजनालय, चतरा

PR 288335 Labour Employment and Traning (22-23)_D

प्रपत्र VI 'क'
समाहर्त्ता या समुचित सरकार
उपायुक्त का कार्यालय, चतरा
(भू–अर्जन शाखा)

**प्रारंभिक अधिसूचना**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)
ज्ञापांकः– 66/भू0अ0 दिनांकः– 24.01.2023

चूंकि समाहर्त्ता, चतरा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–**वृन्दा**, थाना नं0–**36** थाना–**टण्डवा**, अंचल–**टण्डवा**, जिला–**चतरा** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा **सिसई मोड़ से शिवपुर रेलवे स्टेशन रोड** हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–**वृन्दा**, थाना–**टण्डवा**, थाना नं0–**36**, अंचल–**टण्डवा**, जिला–**चतरा** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **2.24** एकड़ यानि **0.9065** हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 134 | रैयती | कृषि | 0.30 | इन्द्रदेव सिंह, भीम सिंह पिता– स्व0 रामधनी सिंह | प्लॉट सं0 124 | हुलास सिंह वगै0 | पू0– नीज | नीज |
| 2 | 4 | 126 | रैयती | कृषि | 0.21 | हुलास सिंह पिता– स्व0 भागवत सिंह, लोकन सिंह पिता– स्व0 जगत सिंह, जागेश्वर सिंह पिता स्व0 डीलो सिंह वगै0 | नीज | नीज | इन्द्रदेव सिंह वगै0 | लखन महतो वगै0 |
| 3 | 20 | 125 | रैयती | कृषि | 0.12 | लखन महतो पिता– स्व0 चमन महतो, लाछो महतो वगै0 | नीज | नीज | हुलास सिंह वगै0 | प्लॉट सं0– 124 |
| 4 | 9 | 120 | रैयती | कृषि | 0.22 | होरिल राम वगै0 पिता– स्व0 मोदन चमार, चमन राम वगै0 पिता– स्व0 बिनु चमार | नीज | नीज | प्लॉट सं0– 124 | चुरामन राणा वगै0 |
| 5 | 1 | 118 | रैयती | कृषि | 0.37 | चुरामन राणा, नगीना राणा पिता– स्व0 छेदी राणा | नीज | नीज | होरिल राम वगै0 | प्लॉट सं0– 116 |
| 6 | 6 | 114 | रैयती | कृषि | 0.18 | लक्ष्मण राणा पिता– स्व0 सुरज राणा | नीज | प्लॉट सं0–115 | प्लॉट सं0– 116 | इन्द्रदेव सिंह वगै0 |
| 7 | 11 | 112 | रैयती | कृषि | 0.06 | इन्द्रदेव सिंह, भीम सिंह पिता– स्व0 रामधनी सिंह | प्लॉट सं0– 99 | नीज | लक्ष्मण राणा | जितेन्द्र सिंह |
| 8 | 2 | 111 | रैयती | कृषि | 0.04 | जितेन्द्र सिंह पिता– स्व0 रामेश्वर सिंह | नीज | नीज | इन्द्रदेव सिंह वगै0 | डोमन सिंह वगै0 |
| 9 | 19 | 110 | रैयती | कृषि | 0.13 | डोमन सिंह, रविन्द्र सिंह, भुनेश्वर सिंह पिता– स्व0 रागो सिंह | नीज | नीज | जितेन्द्र सिंह | लक्ष्मण राणा वगै0 |
| 10 | 6 | 109 | रैयती | कृषि | 0.04 | लक्ष्मण राणा पिता– स्व0 सुरज राणा, रोहित राणा वगै0 पिता– स्व0 वंशी राणा | डोमन सिंह वगै0 | नीज | डोमन सिंह वगै0 | प्लॉट सं0– 99 |
| 11 | 4 | 100 | रैयती | कृषि | 0.215 | हुलास सिंह पिता– स्व0 भागवत सिंह, लोकन सिंह पिता– स्व0 जगत सिंह, जागेश्वर सिंह पिता स्व0 डिलो सिंह वगै0 | नीज | नीज | नीज | प्लॉट सं0– 101 |
| 12 | 11 | 102 | रैयती | कृषि | 0.135 | इन्द्रदेव सिंह, भीम सिंह पिता– स्व0 रामधनी सिंह | प्लॉट नं0 99 | नीज | लक्ष्मण राणा | हुलास सिंह वगै0 |
| 13 | 15 | 103 | रैयती | कृषि | 0.12 | लक्ष्मण राणा पिता– स्व0 सुरज राणा, रोहित राणा वगै0 पिता– स्व0 वंशी राणा | नीज | नीज | होरील राणा वगै0 | इन्द्रदेव सिंह |
| 14 | 9 | 104 | रैयती | कृषि | 0.09 | होरील राम वगै0 पिता– स्व0 मोदन चमार, चमन राम वगै0 पिता– स्व0 बिनु चमार | नीज | नीज | प्लॉट नं0 99 | लक्ष्मण राणा वगै0 |
| 15 | | 105 | रैयती | कृषि | 0.01 | धनु सिंह पिता– मंत्री सिंह का वंशज | प्लॉट नं0 99 | नीज | लक्ष्मण राणा वगै0 | होरील राम वगै0 |
| | | | | कुल रकबा | 2.24 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकरी, चतरा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस की कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, चतरा और उनके कर्मचारी कानूनगो/ अमीन/ संबंधित को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की अपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, चतरा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उपायुक्त,
चतरा।

PR 288355 (Land Reforms) 22-23 (D)

## रक्षा क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे भारत-मिस्त्र

**नयी दिल्ली।** मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी और प्रधानमंत्री मोदी के बीच अहम बैठक हुई। दिल्ली के हैदराबाद हाउस में हुई इस बैठक के बाद पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए खतरा है। दोनों देश मिलकर आतंकवाद के खिलाफ पूरी दुनिया को सचेत करेंगे। साथ ही रक्षा उद्योग को मजबूत करने और खूफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान का भी फैसला लिया गया है। कट्टरपंथ को बढ़ाने के लिए साइबर स्पेस का इस्तेमाल बढ़ता जा रहा है। दोनों देश इससे निपटने के लिए भी साथ मिलकर काम करेंगे। यूक्रेन संकट के कारण प्रभावित फूड सप्लाई को फिर से सामान्य करने पर भी चर्चा की। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और मिस्त्र पुराने सहयोगी हैं। इससे पहले मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी राष्ट्रपति भवन पहुंचे, जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी ने उनकी आगवानी की। इसके बाद राष्ट्रपति भवन में मिस्त्र के राष्ट्रपति को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और पूरे राजकीय सम्मान से उनका स्वागत किया गया। बता दें कि मिस्त्र के राष्ट्रपति इस बार के गणतंत्र दिवस में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। पीएम के साथ बैठक से पहले मिस्त्र के राष्ट्रपति राजघाट भी गए।

## गणतंत्र दिवस : 140 को वीरता के लिए मिला पदक

# 901 पुलिसकर्मी पुलिस मेडल से हुए सम्मानित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में 901 पुलिसकर्मियों को पुलिस मेडल से सम्मानित किया गया है। इसमें 140 पुलिसकर्मियों को वीरता के लिए पुलिस पदक दिया गया। इसके अलावा विशिष्ट सेवा (पीपीएम) के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से 93 तो मेधावी सेवा (पीएम) के लिए 668 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। अधिकारियों के मुताबिक, वीरता के लिए जिन पुलिसर्मियों को सम्मानित किया गया। उनमें 80 को वामपंथ प्रभावित क्षेत्रों और 45 को जम्मू-कश्मीर में सेवा के लिए सम्मानित किया गया। इनमें 48 सीआरपीएफ से हैं, 31 महाराष्ट्र पुलिस के हैं। इसके अलावा 25 जम्मू-कश्मीर के हैं, नौ झारखंड, सात दिल्ली पुलिस के हैं। इसके



अलावा अन्य बीएसएफ व अन्य राज्यों के पुलिसकर्मी हैं।

**11 हजार सैनिक मानद रैंक से सम्मानित :** इसके अलावा गणतंत्र दिवस के मौके पर 11 हजार से अधिक सैन्य कर्मियों को मानद रैंक से सम्मानित किया गया। हर साल सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मियों को सेना में उनकी विशिष्ट सेवाओं को मान्यता देते हुए मानद रैंक प्रदान किया जाता है।

### 43 लोगों को मिलेगा जीवन रक्षा पदक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 43 व्यक्तियों को जीवन रक्षा पदक से सम्मानित करने की मंजूरी दी है, जिसमें सात व्यक्तियों को सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक, आठ को उत्तम जीवन रक्षा पदक और 28 व्यक्तियों को जीवन रक्षा पदक दिए जाएंगे। चार पुरस्कार विजेता मरणोपरांत हैं।

### 6 कीर्ति चक्र व 15 शौर्य चक्र सहित 412 सैनिकों को वीरता पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वीरता पुरस्कारों का ऐलान करते हुए छह कीर्ति चक्र और 15 शौर्य चक्र सहित 412 वीरता पुरस्कारों को मंजूरी दी है। चार रणबांकुरों को मरणोपरांत कीर्ति चक्र से सम्मानित किया जाएगा। दो जांबाजों को मरणोपरांत शौर्य चक्र से नवाजा जाएगा। कीर्ति चक्र से सम्मानित किए जाने वालों में सेना की डोगरा रेजीमेंट के मेजर शुभांग और राजपूत रेजीमेंट के नायक जितेंदर सिंह को असाधारण वीरता के लिए पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा जम्मू–कश्मीर पुलिस के कॉन्स्टेबल रोहित कुमार, सब इंस्पेक्टर दीपक भारद्वाज, हैड कांस्टेबल सोढ़ी नारायण और हेड कांस्टेबल श्रवण कश्यप को मरणोपरांत कीर्ति चक्र से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति ने इसके अलावा 92 सेना पदक, एक नौ सेना पदक वीरता, सात वायुसेना पदक वीरता, 29 परम विशिष्ट सेवा पदक, तीन उत्तम युद्ध सेवा पदक, 52 अति विशिष्ट सेवा पदक, 10 युद्ध सेवा पदक और 36 सेना पदक को भी मंजूरी दी।

## अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं में भी उपलब्ध होंगे सुप्रीम फैसले

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के मौके पर सुप्रीम कोर्ट देशवासियों को बड़ी सौगात देने जा रहा है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने बुधवार को घोषणा की कि गणतंत्र दिवस से इलेक्ट्रॉनिक कोर्ट रिपोर्ट्स परियोजना अब विभिन्न भारतीय अनुसूचित भाषाओं में शीर्ष अदालत के फैसले प्रदान करना शुरू कर देगी। सीजेआई ने वकीलों से कहा कि कोर्ट गुरुवार को कुछ स्थानीय अनुसूचित भाषाओं में फैसले प्रदान करने के लिए ई-एससीआर परियोजना के हिस्से का संचालन करेगी। ई-एससीआर के अलावा स्थानीय भाषाओं में सुप्रीम कोर्ट के 1091 फैसले भी गणतंत्र दिवस पर उपलब्ध होंगे।

**आठवीं अनुसूची में हैं 22 भाषाएं**

बता दें, संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाएं हैं। इनमें असमिया, बंगाली, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगु, उर्दू, बोडो, संथाली, मैथिली और डोगरी शामिल हैं। शीर्ष अदालत के फैसले, उसकी वेबसाइट, उसके मोबाइल ऐप और नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड पोर्टल पर उपलब्ध होंगे।

## आइएमएफ ने पाक को लोन देने से किया इंकार

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने पाकिस्तान से बजट के संबंध में अतिरिक्त जानकारी मांगी है। बता दें कि रिपोर्ट के अनुसार देश को 10 अरब डॉलर के विदेशी ऋण की तत्काल जरूरत है। एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि 8 से 10 अरब डॉलर के चालू खाते के घाटे के प्रबंधन के लिए शेष ऋण पुनर्भुगतान आवश्यकताओं और बाहरी वित्तपोषण को आईएमएफ के रुके हुए कार्यक्रम के कारण नहीं उठाया जा सकता है। इस बीच, सरकार गैस शुल्क में वृद्धि और आइएमएफ की शर्तों को पूरा करने के लिए वस्तुओं पर लगने वाले टैक्स के मौजूदा स्लैब में बदलाव लाने की तैयारी कर रही है।

## निजी इंडस्ट्रीज के साथ 1000 स्मारकों का रखरखाव करेगा संस्कृति मंत्रालय

### पर्यटन मंत्रालय द्वारा जल्द लॉन्च होगी योजना

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** एएसआई के एक हजार से ज्यादा स्मारकों के रखरखाव के लिए सरकार निजी इंडस्ट्रीज के साथ साझेदारी करने जा रही है।

इसको लेकर जल्द ही संस्कृति मंत्रालय द्वारा स्मारक मित्र योजना के नए संस्करण को लॉन्च करने की तैयारी है। केंद्रीय संस्कृति सचिव गोविंद मोहन ने बुधवार को बताया कि योजना के तहत स्मारकों पर लाइट एंड साउंड शो आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया, हमारा लक्ष्य 15 अगस्त तक स्मारक मित्र योजना के तहत 500 साइटों के लिए भागीदारों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना है। बता दें, स्मारक मित्र योजना कुछ साल पहले पर्यटन मंत्रालय द्वारा शुरू की गई थी जिसमें स्मारकों के रखरखाव और अन्य संबंधित गतिविधियों के लिए एक साइट को गोद लेना शामिल है।

उन्होंने कहा कि संशोधित स्मारक मित्र योजना जल्द ही वेबसाइट के साथ शुरू की जाएगी। यह योजना सीएसआर मॉडल पर आधारित होगी।

## चीन में कोरोना : लाशों को दफनाने के लिए कम पड़ गये ताबूत

**बीजिंग।** चीन में कोरोना का तांडव लगातार जारी है। यहां की करीब 80 प्रतिशत आबादी संक्रमण की चपेट में आ चुकी है और मृतकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। चीन ने भले ही दिसंबर से अब तक कोरोना से होने वाली मौतों की संख्या 60 हजार बताई हो, लेकिन हकीकत यह है कि यहां गली-कूचों और अस्पतालों में लाशों की भरमार है। रिपोर्ट के मुताबिक, चीन में लाश दफनाने के लिए ताबूत तक कम पड़ गए हैं और मांग ज्यादा होने की वजह से उनके दाम भी बढ़ गए हैं। आलम यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में हर दिन किसी न किसी की मौत हो रही है, जिससे श्मशानों के बाहर लंबी लाइन है। चीन के महामारी विज्ञानी जुन्यो के अनुसार, दिसंबर में चीन द्वारा प्रतिबंध हटाए जाने के बाद से लगभग एक अरब से ज्यादा लोग संक्रमित हो चुके हैं।

## सीएम नीतीश ने भाजपा के साथ जाने की बात को फालतू बताया

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार में जारी सियासी घमासान के बीच चर्चा चल रही है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर पलट सकते हैं और महागठबंधन छोड़कर एनडीए में जा सकते हैं। हालांकि, अब सीएम नीतीश ने इन बातों को फालतू बताया है। उन्होंने कहा कि उनके संपर्क में कोई नहीं है, बल्कि उनकी पार्टी के नेता उपेंद्र कुशवाहा खुद बीजेपी के संपर्क में हैं। वे फालतू



बयानबाजी कर रहे हैं। नीतीश ने नरेंद्र मोदी सरकार पर भी जमकर हमला बोला और कहा कि केंद्र बिहार में विकास नहीं कर रहा है। सीएम नीतीश ने बुधवार को पटना के एएन कॉलेज में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम पर खुलकर बात की। उन्होंने उपेंद्र कुशवाहा के उस बयान का पलटवार किया, जिसमें वे पार्टी नेताओं के बीजेपी से संपर्क का दावा कर रहे थे। नीतीश ने महागठबंधन को छोड़कर उनके वापस एनडीए में जाने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि उनके संपर्क में कोई नहीं है। बल्कि उपेंद्र कुशवाहा खुद दूसरी पार्टी के संपर्क में हैं और बीजेपी के साथ जाना चाहते हैं। जिसे जहां जाना है चले जाए, जो मन है वो करें।

## दुश्मन की हर चाल का जवाब देने को तैयार सेना, सैनिकों के लिए खरीदने जा रही 'जेटपैक'

**नयी दिल्ली।** संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी तंत्र को मजबूत बनाने और दुश्मन की हर चाल का जवाब देने के लिए भारतीय सेना खुद को लगातार हाईटेक कर रही है। इस बीच सेना ने सैनिकों के लिए जेटपैक सूट, नई पीढ़ी के ड्रोन सिस्टम और रोबोट की आपातकालीन खरीदी के लिए निविदाएं जारी की हैं। एक अधिकारी के मुताबिक, सेना सैनिकों को 50 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से उड़ान भरने के लिए 48 जेटपैक सूट, 100 रोबोट और 130 फास्ट-ट्रैक 'टीथर्ड' ड्रोन सिस्टम की खरीदी करेगी। सेना ने कहा है कि जेटपैक सूट, सैनिकों के लिए सुरक्षित व नियंत्रित टेक-ऑफ और लैंडिंग वाला होना चाहिए, जो किसी भी दिशा में उतर सकता हो। इसके अलावा रोबोटों को 10,000 फीट तक की ऊंचाई पर काम करने में सक्षम होना चाहिए। वहीं ड्रोन लंबे समय तक सीमा रेखा के पार निगरानी के लिए उपयुक्त होना चाहिए।

Tender ref. No.: 01/2023-24 Dated:-24 /01/2023

District Collectorate
District Supply Office Chatra, Jharkhand

INVITATION OF TENDERS FOR PROVIDING BLOCK-WISE DOOR-STEP DELIVERY (TRANSPORTATION & HANDLING) SERVICES TO THE FAIR PRICE SHOPS (FPS) LOCATED IN URBAN AREAS AND BLOCKS OF CHATRA DISTRICT OF JHARKHAND FOR PERIOD OF ONE YEAR THROUGH E-TENDER FOLLOWED BY REVERSE E-AUCTION PLATFORM

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender published on website | 27.01.2023 |
| 2. | Name of the Client | District Collectorate, District Supply Office Chatra, Jharkhand |
| 3. | Address of the concerned person for correspondence | Abhishek Tiwari: Email: jhsupport@c1india.com |
| 4. | Bidding Document Cost | RS. 2,500/-(Rupees Two thousand five hundred Only) (Non-Refundable & non-Adjustable) as a Demand Draft in favour of "District Supply Office Chatra Jharkhand". |
| 5. | EMD | As per the details mentioned in the RFP |
| 6. | Financial security money. | All bidders have to submit Bank Guarantee of Rs 5 lakh per block in favor of DSO Chatra,Jharkhand. The Format of Bank Guarantee has been attached as Annexure-11 |
| 7. | Bid Submission Start | 27.01.2023 |
| 8. | Bid Submission End | 20.02.2023 |
| 9. | Technical E-Bid Opening Date & Time | 21.02.2023 |
| 10. | Pre-Bid Meeting | 02.02.2023 (https://meet.google.com/ebe-nsok-pgh) 11:00-12:00 |
| 11. | Date of Auction | Will be intimated later |
| 12. | Publishing Websites | https://chatra.nic.in&https://jhtenders.eproc.in |
| 13. | Registration Fee for C1 India | Rs. 5000/- (Mandatory for all Bidders) |

1. All eligible individuals or partnership firm, Registered Company or Co-operative society or any legal organization should mandatorily register with C1 India Pvt. Ltd. for participation in reverse e-auction.
2. Any changes/modification in the tender documents in the tender documents will be posted on the website-https://chatra.nic.in/ and https://jhtenders.eproc.in

District Supply Officer
Chatra

PR288325 (Food Public Distribution and Consumer Affairs)22-23*D

## आस्ट्रेलियाई ओपन : सानिया-बोपन्ना फाइनल में

एजेंसी

**मेलबर्न।** भारत की सानिया मिर्जा और रोहन बोपन्ना की जोड़ी ने बुधवार को आस्ट्रेलियाई ओपन 2023 के मिश्रित युगल सेमीफाइनल में अमेरिका की देसीरा क्रॉजिक और इंग्लैंड के नील स्कूप्स्की को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अंतिम ग्रैंड स्लैम खेल रहीं सानिया ने



जोड़ीदार बोपन्ना के साथ तीसरी वरीयता प्राप्त स्कूप्स्की और क्रॉजिक को 7-6 (7/5), 6-7 (5/7), 10-6 से शिकस्त दी।

## सिराज बने दुनिया के नंबर एक गेंदबाज



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आइसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में मोहम्मद सिराज दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं। सिराज ने श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में शानदार गेंदबाजी की थी और इसी का फायदा उन्हें वनडे रैंकिंग में मिला है। सिराज के अलावा शमी और शुभमन गिल को भी शानदार प्रदर्शन का फायदा वनडे रैंकिंग में मिला है।

सिराज ने पिछले एक साल में वनडे में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके बाद वह ट्रेंट बोल्ट को हटाकर वनडे में शीर्ष स्थान पर पहुंचे हैं। 2019 में अपने वनडे करियर की शुरूआत करने वाले सिराज इस फॉर्मेट में भारत के लिए ज्यादा मैच नहीं खेल रहे थे। फरवरी 2022 में भारत की वनडे टीम में उनकी वापसी हुई। इसके बाद उन्होंने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है।

## महिला प्रीमियर लीग से बीसीसीआइ हुआ मालामाल

**मुबंई।** आगामी मार्च में प्रस्तावित महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के पहले संस्करण के लिये टीमों के नीलामी में बीसीसीआई ने चार हजार 669 करोड़ रुपये की कमाई की है। इस उपलब्धि से अभिभूत बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बुधवार को ट्वीट किया कि क्रिकेट में आज का दिन ऐतिहासिक है। डब्लूपीएल के पहले संस्करण में ही टीमों के लिए लगाई गई बोली ने 2008 में पुरुषों के आईपीएल के उद्घाटन के रिकॉर्ड तोड़ दिए। विजेताओं को बधाई, क्योंकि हमने बोली में कुल 4669.99 करोड़ रुपये प्राप्त किए। यह महिला क्रिकेट में एक क्रांति की शुरुआत का प्रतीक है।

समस्त नगड़ी प्रखंड वासियों तथा देशवासियों को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ढेर सारी बधाई एवं शुभकामना
**विश्वजीत मिश्रा**
निदेशक
एक्सेल डाटा सर्विस, नवागढ़।
EXCEL DATA SERVICES

समस्त नगड़ी प्रखंड वासियों तथा देशवासियों को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ढेर सारी बधाई एवं शुभकामना
**राजेन्द्र बेदिया**
मुखिया, हरातु पंचायत, सिकिदिरी।

समस्त नगड़ी प्रखंड वासियों तथा देशवासियों को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ढेर सारी बधाई एवं शुभकामना
**ऐनुक हक**
कांग्रेस कमिटी रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष सह 15 सूत्री सदस्य

समस्त नगड़ी प्रखंड वासियों तथा देशवासियों को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ढेर सारी बधाई एवं शुभकामना
**संतोष शुक्ला**
अंचल अधिकारी प्रखंड नगड़ी

गणतंत्र दिवस पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई
**रितेश कुमार थापा**
समाजसेवी सह वार्ड पार्षद प्रत्याशी 45, रांची नगर निगम

समस्त नगड़ी प्रखंड वासियों तथा देशवासियों को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ढेर सारी बधाई एवं शुभकामना
**मनोज महतो**
सुशीला गैस एजेन्सी, गोंदलीपोखर, अनगड़ा।

समस्त नगड़ी प्रखंड वासियों तथा देशवासियों को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ढेर सारी बधाई एवं शुभकामना
**शहीद अहमद**
कांग्रेस कमेटी रांची जिला उपाध्यक्ष

समस्त नगड़ी प्रखंड वासियों तथा देशवासियों को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ढेर सारी बधाई एवं शुभकामना
**नुतन कुमारी**
प्रखंड विकास पदाधिकारी नगड़ी

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**जमीला खातून**
वार्ड पार्षद 49, रांची नगर निगम

समस्त नगड़ी प्रखंड वासियों तथा देशवासियों को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ढेर सारी बधाई एवं शुभकामना
**हेमनाथ महतो**
समाजसेवी, गेतलसूद, अनगड़ा

समस्त नगड़ी प्रखंड वासियों तथा देशवासियों को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ढेर सारी बधाई एवं शुभकामना
**डायरेक्टर- मो0 सरफराज**
अल कमाल प्ले हाई स्कूल
लोधमा रोड, पिस्का नगड़ी

समस्त नगड़ी प्रखंड वासियों तथा देशवासियों को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ढेर सारी बधाई एवं शुभकामना
**पुनम देवी**
जिला परिषद सदस्य, प्रखंड नगड़ी

श्रीमती जानकी देवी चेयर पर्सन कैंब्रिज ट्रस्ट ऑफ इंडिया टाटीसिल्वे झारखंड रांची समस्त देशवासियों को कैम्ब्रीज परिवार की ओर से गणतंत्र दिवस की शुभकामना, एवं बधाई
कोर्स ऑफर-डीपलोमा इन्जीनयर, बीटेक, एमटेक, एमबीए, बीएड डीईएलईडी, सीबीएसई एफलियेटेड स्कूल

aap
सभी झारखण्ड वासियों को
**गणतंत्र दिवस**
की बहुत-बहुत शुभकामनाएं
संतोष कुमार सोनी

With Best Compliments From
फोन : 0651-245084
कॉंके जेनरल हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर प्रा. लि.
ब्लॉक चौक, कांके, रॉची – 6
डॉ शंभु प्रसाद सिंह
डॉ. कुमारी आभा
Endoscopy, CT SCAN, MRI, DIALYSIS, ICU, NICU, TMT, HOLTAR
ECHOCARDIOGRAPHY AND NON INVASIVE CARDIOLOGY
3D VASCULOGRAPHY, EECP TREATMENT & CHELATION THERAPY

Dr. Pranita
Institute of Health Sciences (IHS)
(A unit of Nanhi Foundation)
ARE YOU 12TH PASS WITH BIOLOGY?
YOU HAVE A CHANCE TO BE A PHYSIOTHERAPIST NOW!
ADMISSIONS OPEN
BACHELOR OF PHYSIOTHERAPY (BPT) 4.5 Years Program
Dr. Dheeraj (PT)
8986769163,
www.ihsranchi.in
info@ihsranchi.in

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**खालीक खान**
समाजसेवी, महुआ टोली कूच्चू ओरमांझी

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**कविता कुमारी**
मुखिया, हेसल पंचायत अनगड़ा

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**जितेन्द्र गोस्वामी**
पूर्व एथलीट एवं समाजिक कार्यकर्त चिलदाग अनगड़ा

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**कुदूस अनसारी**
पूर्व केन्द्रीय उपाध्यक्ष झामुमो अल्पसंख्यक मोचा

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**अनवर खान**
आजसू नेता एवं पूर्व उप प्रमुख पंचायत समिति अनगड़ा

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**संजीव कुमार सिंह**
प्रो.माही कंस्ट्रक्शन अनगड़ा रांची

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**रोहीत करमाली**
अध्यक्ष अनगड़ा लैम्पस

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**कुलदीप सिंह समाजसेवी**
दी एवन्यु बिष्णु पूरी मार्ग बर्दमान कम्पाउन्ड रांची

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**शांति मुन्डा**
मुखिया गेतलसूद पंचायत

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**अनुराधा मुन्डा**
जिला परिषद सदस्य अनगड़ा पश्चिमी

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**स्वाति टूडी**
निदेशक रूपसोना नर्सिंग कॉलेज हेसल अनगड़ा रांची

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**डॉ ए सी प्रकाश**
स्वर्णरेखा हॉस्पीटल टाटीसिलवे रांची

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**रेणुका कुमारी**
बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अनगड़ा

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**नारायण बड़ाईक**
केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड जल संसाधन मंत्रालय नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**पुषक रजक**
अंचल पदाधिकारी अनगड़ा एव समस्त अंचल एव समस्त अंचल परिवार

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय अनगड़ा रांची**
अंचल पदाधिकारी अनगड़ा एव समस्त अंचल एव समस्त अंचल परिवार

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**उत्तम प्रसाद**
प्रखंड विकास पदाधिकारी

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**ब्रजेश कुमार**
थाना प्रभारी अनगड़ा

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**राजेश कच्छप**
विधायक खिजरी विधान सभा क्षेत्र

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**कांशी साहू**
व्यवसायी एवं समाज सेवी बेड़वारी अनगड़ा रांची

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**डॉ विनोद कुमार**
भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी अनगड़ा

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**एहसान अंसारी**
समाज सेवी हेसल अनगड़ा रांची

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**शशिकांत**
राजस्व उपनिरीक्षक अंचल अनगड़ा

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**सिकंदर अंसारी**
ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा

**डॉ रिझू नायक**
समाज सेवी शिक्षाविद एवं असिस्टेन्ट प्रोफेसर राची विश्व विद्यालय रांची

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
शुभकामनाएं
घर-घर तिरंगा
आजादी का अमृत महोत्सव
जैनेन्द्र कुमार,
पूर्व जिला अध्यक्ष रांची ग्रामीण, भाजपा
निवेदक: दिनेश्वर महतो
भाजपा कार्यकर्ता सह समाजसेवी

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**रंथा महली**
पूर्व जिला परिषद सदस्य अनगड़ा पश्चिमी

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**वसंत कुमार मिश्रा**
व्यवसायी एव समाजसेवी टाटी सिलवे रांची

गणतंत्र दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई
**रामानन्द बेदिया**
जिला उपाध्यक्ष झामुमो सह सिल्ली विधान सभा प्रभारी

# गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई।


गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।
फादर मैथ्यू (निदेशक)
माउंट कार्मेल स्कूल, ओरमांझी, रांची।

गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।
जयगोविंद उर्फ लालु साहू
पूर्व उपप्रमुख ओरमांझी।

गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।
आदित्य साहू
राज्यसभा सांसद झारखंड

गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।
रामटहल चौधरी (पूर्व सांसद रांची)
आरटीसी कॉलेज, दड़दाग, ओरमांझी।

FLORENCE 26 January Happy Republic Day
गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।
फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग
इरबा, ओरमांझी।

गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।
युधिष्ठिर महतो (निदेशक)
सनराइज नर्सिंग कॉलेज हटुप

गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।
राधाचरण सिंह (निदेशक)
विकास इंस्टीच्यूट ऑफ पारा मेडिकल साइंस।

गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।
विरेंदर बंसवार (निदेशक)
झारखंड पब्लिक स्कूल, मनातू चुट्टूपालू।

रामटहल चौधरी
पूर्व सांसद सह संयोजक
रणधीर चौधरी
उपाध्यक्ष
झारखंड नागरिक विकास परिषद, रांची

गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।
(अध्यक्ष) जैलेन्द्र कुमार
जशपुरिया बीएड कॉलेज, विशा गेतलसूद

गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।
प्रभाष झा (निदेशक)
कलकाता पब्लिक स्कूल, ओरमांझी रांची

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
भगवान बिरसा जैविक उद्यान परिवार
ओरमांझी, रांची झारखंड

खुर्शीद आलम व तारिक अल्तमस
(एम.डी.) (निदेशक)
क्रेस्ट इंटरनेशनल, एकेडेमी, चकला ओरमांझी।

74वें गणतंत्र दिवस की कांग्रेस पार्टी की ओर से समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई
राजेश कच्छप
खिजरी विधायक
मुनतजीर अहमद रजा
पूर्व उपप्रमुख ओरमांझी।
कमिश्नर मुंडा
जिप सदस्य पश्चीमी ओरमांझी।
शंकर गुप्ता
सक्रीय एंव वरिष्ट कार्यकर्ता।
रहीम अंसारी
सक्रीय कार्यकर्ता।
रवि साहू
सचिव,युथ कांग्रेस,ग्रामीण जिला रांची।
अशोक गुप्ता
महासचिव, कांग्रेस कमिटि ग्रामीण जिला रांची।
तुलसी खरवार
प्रखंड अध्यक्ष ओरमांझी

आजसू पार्टी की ओर से समस्त झारखंडवासियों को 74वां गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई।
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
AJSU PARTY
सुदेश महतो
आजसू सुप्रीमो
संजय कुमार
जिला अध्यक्ष सह जिप सदस्य पूर्वी कांके।
रामधन बेदिया
जिला सचिव पूर्व प्रत्याशी खिजरी विधानसभा।
दिगंबर महतो
प्रखंड अध्यक्ष।
मदन महतो
जिला उपाध्यक्ष।
प्रकाश लकड़ा
प्रखंड प्रभारी।
महेश करमाली
जिला अध्यक्ष रामगढ़, एसटी मोर्चा

गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।
अनुपमा देवी प्रमुख ओरमांझी

गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।
रिजवान अंसारी उपप्रमुख ओरमांझी

गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।
चम्पा देवी पूर्व प्रमुख ओरमांझी

गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।
बचन उरांव
(अध्यक्ष)
क्षेत्रीय सरना समिति नेवरी विकास रांची

गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।
डॉ. बिरसा उरांव (निदेशक)
बर्लिन पब्लिक स्कूल, कांके रांची

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
राम बहादूर सिंह
रवि कुमार
समाजसेवी ओरमांझी रांची

गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।
युधिष्ठिर महतो
शिक्षक, गवर्नमेंट मिडिल स्कूल, मंदरो

गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।
रंजन करमाली
युवा समाजसेवी, ओरमांझी रांची

गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।
अंतु तिर्की
पूर्व प्रत्याशी खिजरी विधानसभा

गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।
चतुर साहु (भाजपा)
जिला महामंत्री, ओबीसी मोर्चा ओरमांझी रांची

हजारीबाग टॉलवे लिमिटेड कि ओर से सभी झारखंड के लोगों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
आज़ादी का अमृत महोत्सव
HAZARIBAGH TOLLWAY LIMITED

डाक विभाग द्वारा झारखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
उदय भान सिंह
रवि रंजन कुमार
निदेशक
यशवंत सहदेव
डाक अधिदर्शक

गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।
धनंजय सिंह (प्रचार्य)
अपग्रेडेड हाई स्कूल, पिस्का ओरमांझी

## मतदाता दिवस पर शपथ समारोह

लोहरदगा।राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर बुधवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश –सह–जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के नेतृत्व में सभी न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, न्यायमंडल के कर्मियों एवं पूलिस बलों की उपस्थिति में लोकतंत्र के प्रति आस्था एवं विवेकपूर्ण मताधिकार का इस्तेमाल करने को लेकर लोहरदगा न्यायालय परिसर में सामूहिक शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शपथ समारोह में 200 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर लोहरदगा डालसा अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी 1950 को हुई थी। इसी उपलक्ष्य में 2011 ई0 से 25 जनवरी को हरेक वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। डालसा सचिव श्री राजेश कुमार ने कहा कि जिले में प्रतिनियुक्त सभी पीएलवी द्वारा 18 से अधिक उम्र वाले लोगों के बीच पहुंचकर सामूहिक शपथ ग्रहण कराए गए तथा इस अवसर पर भारतीय निर्वाचन आयोग और लोकतंत्र की महत्ता पर भी लोगों में जागरूकता फैलाई गई।

## एजी चर्च स्कूल में खेलकूद

घाघरा। एजी चर्च स्कूल बड़काडीह में बुधवार को वार्षिक खेलकूद सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज, 20 सूत्री अध्यक्ष जयसमीर कुजुर , विद्यालय के डायरेक्टर फ्रांसिस टोप्पो, प्रधानाध्यापिका महासागरी टोप्पो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। विद्यालय के बच्चों बच्चियों द्वारा देशभक्ति नागपुरी हिंदी जैसे कई गीतों पर नृत्य गीत प्रस्तुत किए गए। साथ ही 100 मीटर दौड़ ,200 मीटर दौड़, लोंग जंप ,हाई जंप, मेंडक रेस ,सुई धागा रेस सहित कई खेलकूद प्रतियोगिता बच्चों के बीच कराई गई। जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान आने वाले छात्र–छात्राओं को अतिथियों द्वारा मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# जागरूक जनता ही करती है देश के बेहतर भविष्य का गठन : उपायुक्त



**गुमला।** 13 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाताओं को जागरूक करने हेतु जिले के विभिन्न प्रखंडों, सरकारी कार्यालयों में शपथ ग्रहण व जागरूकता रैली निकाली गई। इसी क्रम में बुधवार को एसएस+2 उच्च विद्यालय से जागरूकता रैली निकाली गई । जिसमें मुख्य रूप से उपायुक्त सुशांत गौरव सहित जिले के सभी वरीय पदाधिकारी शामली हुए। रैली एसएस + 2 हाई स्कूल से आरंभ होकर शहरी के बस स्टैंड तक गई एवं बस स्टैंड से पुनः एसएस+2 विद्यालय पहुंची। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों के साथ रैली में पैदल यात्रा करते हुए लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। जागरूकता रैली में विद्यालय के सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक -शिक्षिकाएं भी शामिल हुए। इस दौरान स्कूली बच्चों ने मतदान जैसा कुछ नहीं, मतदान जरूर करेंगे हम नारे लगाते हुए पद यात्रा की शोभा बढ़ाई।

उपायुक्त ने दिखाई जागरूकता रथ को हरी झंडी एवं उपस्थित गणों को दिलाई मतदाता प्रतिज्ञा

रैली से पूर्व उपायुक्त एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा का रवाना किया। जागरूकता रथ पूरे जिले भर में घूम कर मतदाताओं को उनके अधिकार के प्रति जागरूक करेगी।उपायुक्त ने सभी स्कूली बच्चों एवं रैली में शामिल हुए अधिकारी , कर्मी, विद्यालय के शिक्षकों को शपथ भी ग्रहण करवाया । शपथ ग्रहण में देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा बनाए रखते हुए निष्पक्ष रूप से वोट देने की शपथ दिलवाई गई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर बख्तर साय इंडोर स्टेडियम में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गुमला ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान की ताकत को समझने की जरूरत है। मतदाता यदि जागरूक हो तो वो देश के भविष्य में सकारात्मक परिवर्तन करने की शक्ति रखती है। उन्होंने कहा कि मतदान को किसी राजनीति से न जोड़े मतदान करना लोकतांत्रिक भारत की पहचान है, अपनी पहचान को समझते हुए अपने अधिकार को समझे। उन्होंने नए वोटर्स को भी उनके जिम्मेदारी से अवगत करवाया उन्होंने कहा कि नए वोटर्स जो अभी अभी 18 वर्ष के हुए हैं वे अपने अंदर भी जागरूकता लाएं और देश के लोकतंत्र शासन की पहचान बने। इस दौरान कार्यक्रम में नए वोटर्स जिन्होंने 18 वर्ष पूरे करके मतदाता सूची में अपना नाम लिखवाया उन्हें उपायुक्त के हाथों एपिक कार्ड एवं गुलाब का फूल देकर लोकतंत्र में उनकी भूमिका से उन्हें अवगत करवाया गया । वहीं चुनाव के दौरान बेहतरीन कार्य करने वाले कर्मियों को भी उपायुक्त के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव , अपर समाहर्ता , परियोजना निदेशक आईटीडीए,उप निर्वाचन पदाधिकारी गुमला ,एसडीओ गुमला , सहायक समाहर्ता , सिविल सर्जन , कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद ,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी , जिला शिक्षा पदाधिकारी , जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला हॉर्टिकल्चर पदाधिकारी , जिला कृषि पदाधिकारी , जिला कल्याण पदाधिकारी सहित सैंकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# 200 से अधिक झामुमो में शामिल

मेराल। गढ़वा एवं मेराल में भाजपा व राजद को छोड़कर 200 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। बुधवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेष कुमार ठाकुर ने गढ़वा स्थित आवास पर पंचायत संग्रहे खुर्द के लोगों को माला पहनाकर शामिल कराया।इस दौरान विनवाडीह के काफी संख्या में कार्यकताओं ने भाजपा छोड़कर झामुमो का दामन थामा। जिसमें मुख्य रूप से देवनारायण बिंद, बहादुर बिंद, श्याम लाल बिंद, आनंद कुमार बिंद, समीर कुमार, विपेश कुमार, नारद कुमार, मंजूर अंसारी सहित कई लोगों का नाम शामिल है। जबकि मेराल प्रखंड मुख्यालय में स्व. विमला देवी ठाकुर स्मृति भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में भाजपा, राष्ट्रीय जनता दल सहित कई अन्य दलों के करीब 200 महिला, पुरुषों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। सभी को मंत्री श्री ठाकुर ने माला पहना कर स्वागत किया गया। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से मेराल के प्रमोद महाजन, मुखिया पति मूलाराम, पंसस पति नाथूराम, वार्ड सदस्य नंदू राम, उपेंद्र यादव, विजय ठाकुर, विमलेश सिंह, तेनार के मुखिया मनदीप सिंह सहित तेनार, पढुआ, मेराल, गोंदा, संगबरिया, इत्यादि पंचायतों के काफी संख्या में लोगों का नाम शामिल है। श्री ठाकुर ने कहा कि विभिन्न दलों के लोग लंबे समय से अपनी पार्टी में घुटन महसूस कर रहे थे। वे अपने आला नेताओं की कथनी एवं करनी में फर्क के कारण उब चुके हैं। अब झामुमो की स्वच्छ, निष्पक्ष एवं विकास की राजनीति से प्रभावित होकर काफी संख्या में लोग दूसरे दलों को छोड़कर झामुमो में शामिल हो रहे हैं, यह स्वच्छ राजनीति के लिए शुभ संकेत है।0


आप सभी जिला वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : विकास पासवान
थाना प्रभारी राजपुर, चतरा

आप सभी इटखोरी वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : प्रदीप कुमार सिंह
भद्रकाली महाविद्यालय सचिव, इटखोरी

आप सभी जिला वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : विकास पासवान
थाना प्रभारी राजपुर, चतरा

आप सभी इटखोरी वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : प्रमोद दुबे
कांग्रेस जिलाध्यक्ष, चतरा

REPUBLIC DAY India
शुभेच्छु : आप सभी इटखोरी वासियों को डीपीएस स्कूल इटखोरी की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आप सभी इटखोरी वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : एक शुभचिंतक

आप सभी इटखोरी वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : एक शुभचिंतक

आप सभी इटखोरी वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : अनुज कुमार दांगी
भाजपा मंडल मंत्री, इटखोरी

आप सभी इटखोरी वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : सरिता देवी
पंचायत समिति सदस्य इटखोरी

आप सभी इटखोरी वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : रविन्द्र दांगी
विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष, इटखोरी

आप सभी इटखोरी वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : भोला नाथ पांडेय
प्रधानाध्यापक, प्रखंड कॉलोनी इटखोरी

आप सभी इटखोरी वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : एक शुभचिंतक

आप सभी इटखोरी वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : निरज सिन्हा
द विजन पब्लिक स्कूल इटखोरी

आप सभी इटखोरी वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : आशीष दांगी
उपमुखिया इटखोरी पंचायत

आप सभी इटखोरी वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : विकास माथुर
राधिका सेवासदन पितीज

आप सभी इटखोरी वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : अमन मेडिकल इटखोरी

आप सभी इटखोरी वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : मनोज कुमार यादव
बीपीएम, इटखोरी

आप सभी इटखोरी वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : रीता देवी
मुखिया मलकपुर पंचायत , इटखोरी

आप सभी इटखोरी वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : विकास सिंह
मुखिया नवादा पंचायत , इटखोरी

आप सभी इटखोरी वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : राम विनय शर्मा
अंचलाधिकारी, इटखोरी

आप सभी इटखोरी वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : अन्वेशा ओना
प्रखंड विकास पदाधिकारी, इटखोरी

आप सभी इटखोरी वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : मोहन दांगी
कृषक मित्र , इटखोरी

आप सभी इटखोरी वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : जागेश्वर यादव
बीस सूत्री अध्यक्ष, इटखोरी

आप सभी जिला वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद भोक्ता
सत्यानंद भोक्ता मंत्री
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रश्मि प्रकाश
शुभेच्छु: सत्यानंद भोगता
श्रम नियोजन एवं कौशल विकास मंत्री, झारखंड

आप सभी इटखोरी वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : प्रिया देवी
प्रखंड प्रमुख, इटखोरी

आप सभी इटखोरी वासियों को डीपीएस स्कूल पितीज की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
DELHI PUBLIC SCHOOL
शुभेच्छु : राजेश्वर गोप

आप सभी इटखोरी वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : प्रकाश राम
निदेशक साई इंटरनेशनल स्कूल, इटखोरी

आप सभी जिला वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु: किशुन कुमार दास
सिमरिया विधानसभा विधायक

आप सभी जिला वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ब्रज किशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी
जिला परिषद उपाध्यक्ष

आप सभी इटखोरी वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : मुमताज अंसारी
अनुमंडल पदाधिकारी, चतरा

# गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में सुरक्षा के कड़े बंदोवस्त

## जमीन से आसमान तक टिकी रहेंगी पैनी निगाहें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आतंकी हमले के गंभीर इनपुट को देखते हुए गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा के बेहद कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। दिल्ली को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। दिल्ली पुलिस, पैरामिलिट्री, एनएसजी, एसपीजी व सेना के कमांडो के अलावा सभी केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस व पैरामिलिट्री के जवानों की तैनाती की गई है। हर तरह के संभावित आतंकी खतरे को देखते हुए राजधानी को अभेद्य किले में तब्दील कर दिया गया है।



**सुरक्षा के लिए 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरे**

समारोह स्थल और उसके आसपास के इलाके में 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को लगाया गया है। यह कैमरे समारोह स्थल पर हर चेहरे की निगरानी करेंगे। सुरक्षा के लिए बुधवार रात से ही दिल्ली की सभी सीमाएं सील कर दी गई। सघन तलाशी लेने के बाद केवल उन्हीं वाहनों को दिल्ली में प्रवेश की इजाजत मिलेगी, जिन्हें बहुत जरूरी काम होगा। सभी सीमाओं पर बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, शांतिपूर्ण तरीके से गणतंत्र दिवस समारोह संपन्न कराने के लिए पुलिस और सेना ने पूरी तैयारी कर ली है। इस बार आतंकी हमलों को लेकर सुरक्षा एजेंसियां द्वारा गंभीर इनपुट मिला है। पुलिस आयुक्त संजय आरोड़ा ने सभी आला अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने इलाके में रातभर गश्त करते रहें। नई दिल्ली, मध्य व उत्तरी जिले को खासतौर पर अभेद्य किला में तब्दील कर दिया गया है। सभी संवेदनशील स्थलों के अलावा प्रमुख बाजारों, रेलवे व मेट्रो स्टेशनों तथा धार्मिक स्थलों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। परेड गुजरने वाले मुख्य मार्गों पर कमांडो तैनात किए गए हैं।

**बनाए गए हैं अलग-अलग जोन**

परेड वाले रूटों के दोनों तरफ सभी ऊंची इमारतों पर पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए हैं। दूरबीन व एंटी एयरक्राफ्ट गन भी तैनात किया गया है। कर्तव्यपथ से लेकर लालकिला वाले क्षेत्र को अलग-अलग जोन में बांटकर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। समारोह स्थल सहित राष्ट्रपति भवन, इंडिया गेट के अलावा लाल किला तक अलग-अलग सुरक्षा घेरा भी बनाया गया है। गाड़ियों पर अत्याधुनिक हथियारों से लैस कमांडो विभिन्न इलाकों में लगातार गश्त कर रहे हैं। स्वाट दस्ता को हर तरह की परिस्थितियों से मुकाबला करने के लिए कई महत्वपूर्ण जगहों पर मुस्तैद कर दिया गया है।

## दिवंगत सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव को पद्म विभूषण

**नयी दिल्ली।** दिवंगत सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव, संगीतकार जाकिर हुसैन, दिवंगत ओआरएस अग्रणी दिलीप महालानबिस और एस एम कृष्णा पद्म विभूषण प्राप्त करेंगे। जलपाईगुड़ी के मंगला कांति राय (102 वर्षीय) को कला (लोक संगीत) के क्षेत्र में पद्म श्री से सम्मानित किया गया। वह पश्चिम बंगाल के सबसे पुराने लोक गायकों में से एक हैं और काफी लोकप्रिय हैं। खासी हिल्स के जनजातीय दुइतारा वाद्य यंत्र निमार्ता और संगीतकार राइजिंगबोर कुर्कलांग को कला (लोक संगीत) के क्षेत्र में पद्म श्री से सम्मानित किया गया है। आइजोल के मिजो लोक गायक केसी रनरेमसंगी को कला के क्षेत्र में पद्म श्री से सम्मानित किया गया। वह तीन दशकों से ज्यादा समय से मिजो सांस्कृतिक विरासत को बचाने का काम (गायन-मिजो) कर रहे हैं। कोडागु के उम्माथत लोक नर्तक रानी मचैया को कला के क्षेत्र में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।



### 106 पद्म पुरस्कारों का एलान, 6 पद्म विभूषण

**नयी दिल्ली।** 2023 के लिए राष्ट्रपति ने तीन युगल मामलों सहित 106 पद्म पुरस्कारों को प्रदान करने की मंजूरी दी है। सूची में 6 पद्म विभूषण, 9 पद्म भूषण और 91 पद्म श्री शामिल हैं। 19 पुरस्कार विजेता महिलाएं हैं। सूची में वदेशी/ एनआरआइ/ पीओआइ/ ओसीआइ की श्रेणी के 2 और 7 लोगों को मरणोपरांत पुरस्कार दिया जाएगा। ऋत्विक सान्याल, गुरुचरण सिंह, रवीना टंडन, डॉक्टर ईश्वर चंद्र वर्मा और कूमी नरीमन वाडिया पद्मश्री से सम्मानित किए गये है। कुमार मंगलम बिरला, वाणी जयराम और सुमन कल्याणपुर को पद्मभूषण से सम्मानित किया गया है। वास्तुविद बालकृष्ण दोषी को मरणोपरांत पद्मा विभूषण से सम्मानित किया गया है।




### ध्रुपद गायकी के स्तंभ पं अभय नारायण मल्लिक का निधन

**नयी दिल्ली।** ध्रुपद गायकी के स्तंभ पंडित अभय नारायण मल्लिक का मंगलवार रात निधन हो गया। कालीदास सम्मान और संगीत नाटक एकेडमी अवार्ड जैसे संगीत के अनेकों सम्मान पाने वाले पंडित जी ने अपने ग्रेटर नोएडा स्थित निवास स्थान पर आखिरी सांस ली। शास्त्रीय संगीत के प्राचीनतम शैली ध्रुपद धमार के प्रख्यात गायक पंडित अभय नारायण मल्लिक 86 साल के थे जिनका जन्म बिहार के दरभंगा मल्लिक घराने में हुआ। सेनीया परंपरा के गौहारवाणी शैली को गाने वाले पंडित जी अपने घराने के वरिष्ठ गायक थे। देश-विदेश में अनेकों प्रस्तुति पंडित जी ने दीं।

## पूर्वी लद्दाख में भारत ने गंवाये 65 में से 26 पेट्रोलिंग पॉइंट्स

### रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

एजेंसी

**लद्दाख।** चीन से जारी तनाव के बीच पूर्वी लद्दाख से एक बड़ी खबर सामने आई है। भारत ने पूर्वी लद्दाख में 65 में से 26 पेट्रोलिंग पॉइंट्स पर अपनी पहुंच खो दी है। रिपोर्ट में इसका खुलासा किया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस समय पूर्वी लद्दाख में काराकोरम दर्रे से चुमुर तक 65 पेट्रोलिंग पॉइंट्स हैं। इनमें से 26 पेट्रोलिंग पॉइंट्स में हमारी उपस्थिति समाप्त हो गई है। 5-17, 24-32, 37 पर भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा कोई गश्त न करने के कारण यह हालात हुए हैं। लद्दाख के मुख्य शहर लेह की पुलिस अधीक्षक पीडी नित्या की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। पिछले हफ्ते पुलिस अधिकारियों की वार्षिक बैठक में यह रिपोर्ट पेश की गई थी। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और एनएसए अजीत डोभाल शामिल थे।

भारत द्वारा चीन पर वास्तविक नियंत्रण रेखा के रूप में जानी जाने वाली वास्तविक सीमा पर एकतरफा रूप से यथास्थिति को बदलने की कोशिश करने का आरोप लगाने के ठीक एक महीने बाद यह रिपोर्ट आई है, जब दोनों पक्षों के सैनिकों के घायल होने पर संघर्ष हुआ।

### श्री श्री रविशंकर के हेलिकॉप्टर की आपात लैंडिंग

**चेन्नई।** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर और तीन अन्य लोगों को ले जा रहे एक निजी हेलिकॉप्टर को खराब मौसम के कारण तमिलनाडु के इरोड जिले के सत्यमंगलम टाइगर रिजर्व में एक आदिवासी बस्ती में आपात स्थिति में उतारना पड़ा। हेलिकॉप्टर में रविशंकर, उनके दो सहायक और पायलट सवार थे। रविशंकर और अन्य बेंगलुरु से तमिलनाडु के तिरुपुर जा रहे थे। हेलिकॉप्टर जब एसटीआर के ऊपर उड़ रहा था, तभी खराब मौसम की स्थिति के कारण पायलट को आपातकालीन लैंडिंग करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### लखीमपुर : आशीष मिश्रा को मिली जमानत

**नयी दिल्ली।** लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी आशीष मिश्रा को अंतरिम जमानत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने मिश्रा को सशर्त 8 हफ्तों के लिए जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने आशीष मिश्रा को निर्देश दिया है कि वह अपनी लोकेशन के बारे में संबंधित न्यायालय को जानकारी दे। साथ ही सर्वोच्च अदालत ने कहा कि आशीष मिश्रा या उसके परिवार ने अगर मामले से जुड़े गवाहों को प्रभावित करने या फिर ट्रायल में देरी करने की कोशिश की तो आशीष मिश्रा की जमानत रद्द कर दी जाएगी।




### जर्मनी ने यूक्रेन के लिए लेपर्ड 2 टैंकों को दी मंजूरी

**बर्लिन।** जर्मन सरकार ने बुधवार को यूक्रेन को अपने लेपर्ड 2 टैंकों की आपूर्ति करने के निर्णय की घोषणा की और अन्य देशों द्वारा ऐसा करने के अनुरोध को हरी झंडी दे दी। जर्मन सरकार का यह निर्णय रूस के लिए अच्छा नहीं होगा क्योंकि लेपर्ड 2 टैंकों को दुनिया के बेहतरीन टैंकों में से एक माना जाता है। यह यूक्रेन की सेना को रूस के खिलाफ युद्ध में निर्णायक बढ़त भी दिला सकता है।

### वैश्विक वृद्धि दर 2023 में गिरकर 1.9 फीसदी रहने का अनुमान : संयुक्त राष्ट्र

**नयी दिल्ली/न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र ने कोविड-19, यूक्रेन युद्ध, महंगाई और ब्याज दर महंगा करने की नीति जैसी चुनौतियों के बीच वर्ष 2023 के लिए वैश्विक जीडीपी की वृद्धि दर गिरकर 1.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है जो कि हाल के दशकों की सबसे निम्न वृद्धि दर होगी। बुधवार को जारी संयुक्त राष्ट्र विश्व आर्थिक परिस्थिति एवं संभावनायें रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022 में विश्व अर्थव्यवस्था को एक के बाद एक कोविड-19 महामारी, यूक्रेन युद्ध और उससे उत्पन्न खाद्य एवं ईंधन संकट बढ़ती मुद्रा स्फीति को बढ़ानी वाली रहीं।

